# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2025 का किया समर्थन

### किसानों को खाद वितरण एवं उपलब्धता, ट्रैक्टर खरीदी हेतु अनुदान राशि और छत्तीसगढ़ संवाद एवं जनसंपर्क द्वारा प्रचार-प्रसार के संबंध में पूछा प्रश्न

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के चौथे दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किसानों के हित और उन्हें खेती करने हेतु शासन द्वारा उपलब्ध सुविधा और खरीफ एवं रबी सीजन में कबीरधाम जिले के किसानों को खाद वितरण एवं उपलब्धता के संबंध में तथा किसानों को ट्रैक्टर खरीदी हेतु अनुदान राशि के संबंध में प्रश्न पूछा। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों एवं मंडलों द्वारा प्रचार प्रसार की प्रक्रिया के संबंध में भी प्रश्न पूछा। इस दौरान आज सदन में प्रस्तुत भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2025 के पक्ष में समर्थन भी जताया और सुझाव भी दिए।



भावना बोहरा ने कहा कि भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक 2025 के पारित होने से छत्तीसगढ़ में भूमि प्रबंधन और प्रशासन में सुधार होगा। यह विधेयक न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाएगा, बल्कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाकर पारदर्शिता को भी बढ़ाएगा। यह संशोधन प्रदेश की भूमि प्रबंधन प्रणाली को और पारदर्शी व जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नक्शों के बटांकन में पहले जटिल प्रक्रियाओं के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए प्रावधानों के लागू होने से यह प्रक्रिया अब तेज और सरल होगी। साथ ही, मृत्यु के बाद संपत्ति के नामांतरण में देरी और कागजी कार्रवाइयों की समस्याओं को भी कम किया जाएगा। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे भूमि मालिकों को लाभ होगा। विधेयक में अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए सख्त प्रावधान शामिल किए गए हैं। अवैध रुप से जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर बेचने की प्रवृत्ति पर अब प्रभावी नियंत्रण होगा। इससे न केवल सरकारी जमीनों का दुरुपयोग रुकेगा, बल्कि खरीददारों को भी धोखाधड़ी से बचाया जा सकेगा। सर्वे-रिसर्वे के तहत डिजिटल मेप (जिया-रिफ्रेन्स्ड मैप) तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में संहिता में जिया-रिफ्रेन्स्ड मैप का स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के कारण, मैप तैयार करने की कार्यवाही के दौरान भविष्य में विधिक विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है। इस प्रावधान में यह कमी दूर होने से प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा।इस संशोधन के संबंध में भावना बोहरा द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों (स्ङ्ग क्षेत्र) में अगर कोई गैर-जनजातीय व्यक्ति अपनी जमीन का उपयोग व्यापार, उद्योग या आवास के लिए बदलना चाहता है, तो उसे कलेक्टर की अनुमति लेनी होती है। यह प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होती है, जिससे विकास कार्यों में देरी होती है। सुझाव है कि अगर जमीन का उपयोग क्षेत्र के नक्शे में पहले से तय है, तो कलेक्टर की अनुमति की बाध्यता खत्म की जाए और प्रक्रिया को ऑनलाइन व सरल बनाया जाए, ताकि निवेश और विकास को बढ़ावा मिल सके। उसी तरह जब कोई व्यक्ति अपनी जमीन का कुछ हिस्सा बेचता है, तो रजिस्ट्री के बाद भी नामांतरण और बटवारे (बटांकन) के लिए पटवारी और तहसील के चक्कर काटने पड़ते हैं। अब जब रजिस्ट्री की प्रक्रिया डिजिटल हो चुकी है, तो यह जरूरी है कि रजिस्ट्री के साथ ही जमीन का नामांतरण और बटांकन भी अपने आप हो जाए।

## जमीन जायदाद संबंधी विवादों के चलते हत्याओं के ग्राफ में हुई वृद्धि

### सुप्रीम कोर्ट ने मायके की संपत्ति में बेटियों के हक को किया सुरक्षित

**रायपुर ।** छग राज्य बने मात्र 25 वर्ष हुए है। इन 25 वर्षों में राजधानी सहित प्रदेश भर में घरेलू आपसी विवाद का मुख्य कारण संपत्ति संबंधी विवाद है। ग्रामीण ही नहीं अपितु शहरीय क्षेत्रों में भी लगातार जमीन जायदाद संबंधी विवादों के कारण आपसी संबंध जहां बिगड़ रहे है वहीं हत्याओं के ग्राफ में भी वृद्धि हुई है। मां बाप संतान एवं पति पत्नी तथा अन्य संबंधों में भी जमीन जायदाद को लेकर जमकर लड़ाई होते देखी जा रही है जिसकी परिणिति हत्या के रूप में देखी जा रही है। इस संबंध में राजधानी रायपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता केके शुक्ला एवं जेडी बाजपेयी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि पौराणिक काल में भी विशेषकर द्वापर युग में पांडव और कौरवों के बीच भी पांच गांव की जमीन देने संबंधी विवाद हुआ था जिस पर भगवान श्री कृष्ण के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दुर्योधन ने सुई की नोंक के बराबर भी जमीन नहीं देने की बात कही थी अंततः महाभारत के युद्ध में जहां भीषण रक्तपात हुआ वहीं कौरवों की हार के बाद विवाद थमा। कलयुग में यही स्थिति संबंधों को तार तार कर रही है। यह सभी जानते हैं कि शुक्ला एवं बाजपेयी के मतानुसार की इंसान खाली हाथ धरती पर आता है और सब कुछ छोड़कर मृत्युलोक खाली हाथ जाता इसके बाद भी जायदाद संबंधी विवाद कम होने के बजाय बढ़ते ही जा रहे हैं। गौरतलब है कि अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट नहीं दिल्ली ने पिता की पैतृक संपत्ति में बेटी के हक को पुत्रों के बराबर माना है अगर पिता ने अपने जीवन काल में कोई वसीयत नहीं लिखी है।

## जंगल कटाई को लेकर सदन में हंगामा, कोयला आबंटन ब्लाक के लिए जंगल

**रायपुर।** विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान रायगढ़ जिले में एक सुप्रसिद्ध उद्योगपति को कोल ब्लाक आबंटित होने के पश्चात इसमें जंगल कटाई का मामला कांग्रेस के सदस्यों ने उठाया। कांग्रेस सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की और हंगामा मचाया। विधानसभा में आज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित अन्य सदस्यों ने तमनार जिले के कोयला ब्लाक एक उद्योगपति को दिये जाने के पश्चात जंगल कटाई का मामला सदन में उठाया। सदस्यों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से एक उद्योगपति को ठेका दिया जा रहा है। छग की जल जंगल और जमीन को लूटा जा रहा है। विधानसभा में कांग्रेस के भूपेश बघेल उमेश पटेल, रामकुमार यादव, अटल श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने सरकार पर कुछ उद्योग पति के सामने झूकने का आरोप लगाया। अध्यक्ष ने बार बार नसीहत दी कि वे अपनी बात संक्षिप्त एवं सारगर्भित भाषा में रखे। इधर कांग्रेस के सदस्यों ने नारे लगाए दलालों को जूता मारो सालों को।

अध्यक्ष की समझाइश के पश्चात जब विपक्ष शांत नहीं हुआ तो विस की कार्रवाई पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। ज्ञात रहे विस की कार्रवाई का अंतिम दिन है। आज सरकार द्वारा कई विधेयक के अलावा अनुपूरक बजट रखा जाएगा। विधानसभा में आज अंतिम दिन भी हंगामेदार कार्रवाई चलती रही।

### पूरा विपक्ष भूपेश बघेल के साथ एकजुट होकर खड़ा -चरणदास महंत

**रायपुर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि पूरा विपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस विधायक भूपेश बघेल के साथ खड़ा है। हम सरकार के किसी भी दबाव में आकर डरेंगे नहीं। महंत ने कहा कि आज हम छापे के विरुद्ध विस की कार्रवाई का बहिष्कार कर रहे हैं। विस में आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि ईडी सहित अन्य संस्थाओं द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है वह वास्तविकता से दूर है। उन्होंने कहा कि हम उसका डटकर मुकाबला करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज हम विस की कार्रवाई का पूर्णतः बहिष्कार कर रहे है यहां से हम सीधे भूपेश बघेल के निजी निवास जाएंगे तथा वहां वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। महंत ने कहा कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है जो भी अडानी और अंबानी के बीच आवाज उठाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है जिससे लोकतंत्र खतरे में है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वे एक उद्योगपति का मामला विस में लाए है इसलिए छापा मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस कार्रवाई के विरुद्ध न झूकूंगा और न डरूंगा। ईडी द्वारा पिछले कई वर्षों से राज्य शासन के अधिकारियों एवं मंत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है जिसमें कोयला घोटाला, शराब घोटाला के सबूत मिले है इसको लेकर निरंतर कार्रवाई चल रही है।

## प्रतिबंधित टेबलेट बिक्री करने वाला पकड़ाया

**बिलासपुर।** जिले की सरकंडा थाना पुलिस ने अवैध रूप से प्रतिबंधित टेबलेट की बिक्री करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 264 नग प्रतिबंधित कैप्सूल जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सरकंडा थाना क्षेत्र में अवैध नशीला इंजेक्शन/टेबलेट बिक्री करने की शिकायत मिल रही थी, जिस संबंध में मुखबीर लगातार पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान आज दिनांक 17.07.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि आरटीओ कार्यालय के सामने मेनरोड लगरा में एक युवक अवैध रूप से नशीली टेबलेट बिक्री कर रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना सरकंडा पुलिस की टीम तैयार कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुये मुखबीर के बताये स्थान आरटीओ कार्यालय के सामने लगरा में संदेही युवक को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम यश उर्फ योगविन्द चन्द्राकर निवासी दर्राभाठा सीपत का रहने वाला बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से दो डिब्बों में प्रतिबंधित केप्शूल की 33 स्ट्रिप कुल 266 नग किमती 1716 रूपये बरामद हुआ। जिसके संबंध में पूछताछ करने पर युवक के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होने पर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी यश उर्फ योगविन्द चन्द्राकर को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## बिरेझर में मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम का किया आयोजन

### रेशम आधारित गतिविधियों से ग्रामीणों को जोड़ने की पहल

**धमतरी।** जिले के बिरेझर ग्राम में मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत रेशम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रेशम की गतिविधियों, उससे मिलने वाले रोजगार और शासन की योजनाओं से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी रोमा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रेशम उद्योग विशेष रूप से तसर उत्पादन इस क्षेत्र के लिए एक सशक्त आजीविका माध्यम बन सकता है। उन्होंने जिले में रेशम की उपलब्धता, आय, शासन कि योजना और रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के समन्वयक एवं केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. के.पी. किरण कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार के केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय द्वारा मेरा रेशम मेरा अभिमान एक महत्वाकांक्षी तकनीकी हस्तांतरण योजना है, जिसके अंतर्गत देश के 120 जिलों का चयन किया गया है। धमतरी जिला भी उन जिलों में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले के वनों में तसर खाद्य पौधों की बहुलता एवं नैसर्गिक कोसा उत्पादन की विशेषता को देखते हुए यहां तकनीकी हस्तांतरण, डिमोन्सट्रेशन, प्रशिक्षण एवं कोसा संग्रहरण से लेकर धागाकरण तक के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

ग्रामोद्योग विभाग, रेशम प्रभाग के अपर संचालक डॉ. राजेश बघेल ने रेशम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें शहतूत आधारित कोसा पालन, नैसर्गिक प्रजाति के कोसा संग्रहण, धागाकरण एवं प्रशिक्षण जैसे घटकों के माध्यम से भूमिहीन, लघु एवं सीमांत कृषकों को लाभ पहुंचाने की बात कही गई। कार्यक्रम में ग्राम बिरेझर की सरपंच नेहा साहू, उप संचालक रेशम ठाकुर राम उइके, जनपद पंचायत कुरूद के सीईओ अमित सेन, जिला पंचायत धमतरी के अधिकारी धरम सिंह एवं अनुराग मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## धान खरीदी में अफरा तफरा -शार्टेज का मामला सदन

### संग्रहण केंद्र में रखे धान में जरई उगने की शिकायत की विधायकों ने

### खाद्यमंत्री को विस प्रश्नोत्तरी एवं वेबसाइट में अंतर को लेकर विधायकों ने घेरा।

रायपुर। सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में धान खरीदी में हुए घोटाला अफरा तफरी से करोड़ों रुपये के नुकसान का मामला गूंजा। कांग्रेस के सदस्यों ने कहा कि खाद्य मंत्री द्वारा विस में दिये गये उत्तर और खाद्य विभाग के वेबसाइट में खरीदी के आंकड़ों का अलग अलग अंतर है। सदस्यों ने कहा कि धान खरीदी के दौरान बड़ी मात्रा में धान संग्रहण केंद्रो में रखे गये है समुचित व्यवस्था न होने कारण धान में जरई उग रहा है।



विधानसभा में आज संजारी बालोद जिले में कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा ने अपने जिले के विस क्षेत्र के अंतर्गत धान खरीदी में हुए अफरा तफरी तथा घोटाला का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में 1.55 धान खरीदी में अफरा तफरी हुई है। जिससे सरकार को एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि 2, 21,000 मीटरिक टन के धान का उठाव हुआ है। उन्होंने बताया कि नान एफसीआई तथा राइस मिलर्स धान का उठाव कर रहे है। कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा ने कहा कि विस में दिये गये उत्तर तथा खाद्य विभाग के वेबसाइट में आकड़ों का अंतर है तो सत्य किसे माना जाए। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सदस्य अपना प्रश्न पूछे। दयाल दास बघेल ने कहा कि इसमें केवल सिर्फ 1.5 मीटरिक टन खरीदी का अंतर आ रहा है।

**संग्रहण केंद्रों में रखे धान में उग रहा जरई** - कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि संजारी बालोद में संग्रहण केंद्र में रखे धान बरसात में भींग रहे हैं जिसमें जरई आ गया है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यदि आप नैनो तरल डीएपी डाल देंगे तो अच्छी फसल आ जाएगी। कांग्रेस के रामकुमार यादव एवं द्वारिकाधीश यादव ने भी कई पूरक प्रश्न पूछे तथा धान खरीदी में अफरा तफरा एवं शार्टेज को लेकर प्रश्न पूछा।

भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीदी में लापरवाही बरत रहे हैं। खाद्य मंत्री ने बताया कि राइस मिलर्स तथा एफसीआई ने कितना धान खरीदा एवं उठाया किया इसका विवरण दें। इसके बावजूद 50 हजार मीटरिक टन कहा गया इसके बारे में जानकारी दे। उन्होने कहा कि पूरा मामला गोलमाल है। दयाल दास बघेल ने कहा कि अभी इसका मिलान हो रहा है। इसके बाद ही वस्तुस्थिति का पता चलेगा। बिलासपुर में भी धान शार्टेज का मामला उठाया अटल श्रीवास्तव ने बिलासपुर जिले के कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि बिलासपुर में कुछ 144 धान संग्रहण केंद्र है जिनमें से मल्हार और रिसदा में 16 हजार टन धान की कमी पाई गई है। धान खरीदी से संग्रहण केंद्रो में अफरा तफरा और शार्टेज को लेकर लूट मची हुई है।

## सुरक्षा और सैनिक कल्याण के लिए सेना-सरकार में बढ़ा तालमेल

### रायपुर में लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अहम बैठक

रायपुर । मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार भेंट की। यह बैठक आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और सैन्यकर्मियों व पूर्व सैनिकों के कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भारतीय सेना और राज्य सरकार के बीच सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने के उद्देश्य से हुई।



लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने मुख्यमंत्री को नागरिक प्रशासन के साथ सेना की हाल की पहलों की जानकारी दी और विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों की प्रभावशीलता बढ़ाने पर विचार साझा किए। बैठक के दौरान प्राकृतिक आपदाओं और आपात स्थितियों में त्वरित और संगठित कार्रवाई के लिए समन्वय तंत्र को मजबूत करने, संवेदनशील इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने, अग्निवीरों की भर्ती और सेवा उपरांत पुनर्वास के लिए राज्य और केंद्र की योजनाओं का लाभ दिलाने तथा पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए स्वास्थ्य, पेंशन, कौशल विकास और शिकायत निवारण जैसी कल्याणकारी योजनाओं को विस्तारित करने पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र और छत्तीसगढ़ के प्रति भारतीय सेना की निःस्वार्थ सेवा की सराहना की और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार सुरक्षा और कल्याण के साझा प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी।

## पीसीसी चीफ ने 33 जिलों के लिए नए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की

**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी 33 जिलों के लिए नए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति मंडल और सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन के उद्देश्य से की गई है।

नव नियुक्त प्रभारियों में कई पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। पूर्व मंत्री शिव डहरिया को रायपुर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। मोहम्मद अकबर को बलौदाबाजार, रविंद्र चौबे को दुर्ग-भिलाई, उमेश पटेल को बिलासपुर और मोहन मरकाम को जगदलपुर का जिम्मा सौंपा गया है।

इन जिला प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, और मोर्चा संगठनों के जिला अध्यक्षों के साथ बैठकें कर मंडल एवं सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन करें। इस प्रक्रिया में सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेताओं की सलाह भी ली जाएगी।




पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए और प्रगति की नियमित रिपोर्टिंग की जाए। इसकी निगरानी ब्लॉक प्रभारी करेंगे।

उदयपुर में हुए नवसंकल्प शिविर में लिए गए निर्णयों के अनुसार, इन नई कमेटियों में एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, प्रत्येक कमेटी में एक 50 वर्ष से ऊपर और एक 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के सदस्य को शामिल करना जरूरी होगा। कमेटियों के गठन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### सड़कों पर पशुओं के बैठने से हो रही आवाजाही प्रभावित

रायपुर। शहर के पाश इलाकों सहित मुख्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर पशुओं का जमावड़ा जहां वाहनों की आवाजाही को प्रभावित कर रहा है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में भी लगातार इजाफा हो रहा है। खेती किसानी में मशीनों के बढ़ते प्रयोग से पशुपालन की ओर पालकों का ध्यान अब कम जा रहा है.

## कागजी सामाजिक संस्थाओं को दिया जा रहा अनुदान देने का आरोप -चातुरीनंद

### शिकायत मिलने पर जांच का आश्वासन दिया महिला विकास मंत्री ने

**रायपुर ।** विधानसभा में आज कांग्रेस की सदस्य चातुरीनंद ने महासमुंद जिले में एक सामाजिक संस्था को अनुदान देने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा करने वाली वास्तुविक संस्थाओं को कोई अनुदान नहीं मिल रहा है। कागजों में संचालित सामाजिक संस्थाओं को अनुदान दिया जा रहा है।

विधानसभा में आज सरायपाली की कांग्रेस विधायक चातुरीनंद ने एक प्रश्न के माध्यम से जानना चाहा कि महासमुंद जिले में कार्यरत फारचुनर क्षेत्रहिन विद्यालय को इतना अनुदान दिया जाता है महासमुंद के अलावा कोई और अन्य संस्था संचालित है। महिला एवं बाल विकास मंत्री रश्मि राजवाड़े ने बताया कि इस संस्था को अलग अलग वर्षों में 23 लाख एवं 22 लाख का अनुदान दिया गया है चातुरीनंद ने पूछा कि इन संस्थाओं का परीक्षण भी कराया जाता है अथवा नहीं वहीं इस संस्था के सरायपाली में केसूधर में कोई शाखा भी है इसकी जानकारी दें। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस संस्था के विरुद्ध आपकी कोई कार्रवाई हो तो इसका परीक्षण करवा लिजिए। महिला बाल विकास मंत्री ने कहा कि लिखित शिकायत मिलेगी तो इसकी जांच करा लेंगे।




कांग्रेस के व्यास कश्यप ने भी अपने क्षेत्र का मामला उठाया।

शिकारी की भूमिका में भैयालाल राजवाड़े

विस में आज कोरिया जिले के विधायक भैयालाल राजवाड़े द्वारा पूछे गये प्रश्न पर अध्यक्ष ने कहा कि विधायक इस सत्र के दौरान पहली बार प्रश्न पूछ रहे है वे टोपी और चश्मा लगाकर आए है भाजपा के सदस्य ने कहा कि वे शिकारी की भूमिका में है। रामविचार नेताम ने कहा कि इनके ऊपर मुवी बन रही है। भैयालाल राजवाड़े ने प्रश्न पूछा मंत्री द्वारा उत्तर नहीं देने पर शांत बैठ गया। आप आशीर्वाद दे दिजिए।

# मोतीलाल साहू ने मोवा बाजार चैक का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चैक करने हेतु सौंदर्यीकरण कार्य योजना का भूमिपूजन कर नागरिको सहित किया भूमिपूजन

### रायपुर निवासी शहीद भरत लाल साहू की शहादत का सदैव ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा - ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू 0



**रायपुर** - विगत वर्ष 17 जुलाई 2024 को देष की सेवा करते हुए छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मंडी मरका के जंगल में सर्चिंग कार्य के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी ब्लास्ट के कायराना हमले ही चपेट में आने की वजह से मोवा बाजार रायपुर निवासी एसटीएफ के आरक्षक भरत लाल साहू वीर गति को प्राप्त हुए। उनकी शहादत की पुण्य स्मृतियां चिरस्थायी बनाने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य मंत्री मंडल ने रायपुर शहर के मोवा बाजार चैक का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चैक करने का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ राज्य मंत्री मंडल द्वारा शहीद भरत लाल साहू की स्मृति में रायपुर मोवा बाजार चैक का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चैक किये जाने के निर्णय के व्यवहारिक क्रियान्वयन हेतु आज रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत रायपुर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत क्षेत्र में आने वाले रायपुर मोवा बाजार चैक में पहुंचकर रायपुर निवासी शहीद भरत लाल साहू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने कहा कि रायपुर निवासी शहीद भरत लाल साहू की शहादत का सदैव ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा। शहीद भरत लाल साहू ना केवल रायपुर शहर और छत्तीसगढ़ राज्य के बल्कि राष्ट्र के गौरव पुरूष है। उनकी शहादत से रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के नागरिको विषेषकर युवाओं को देष सेवा के लिये जीवन सर्वस्व न्यौछावर करने की सकारात्मक प्रेरणाषक्ति प्राप्त होगी।

रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने मोवा बाजार चैक का नामकरण रायपुर निवासी शहीद भरत लाल साहू की स्मृति में शहीद भरत लाल साहू चैक करने के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं मंत्री मंडल के निर्णय के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु श्रीफल फेडकर और कुदाल चलाकर गणमान्यजनो, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विषिष्टजनों, महिलाओं, नवयुवको, आमजनों सहित 27 लाख रू. की स्वीकृति लागत से मोवा बाजार चैक का सौंदर्यीकरण करने भूमिपूजन कर कार्यारंभ करवाया। रायपुर ग्रामीण विधायक ने नगर निगम जोन 9 जोन कमिष्नर श्री संतोष पाण्डेय को तत्काल स्वीकृति अनुसार मोवा बाजार चौक का सौंदर्यीकरण शीघ्र शहीद भरत लाल साहू चैक नामकरण किये जाने प्राथमिकता से गुणवत्ता सहित सतत मॉनिटरिंग कर पूर्ण करवाने के निर्देष दिये।

# निगम जोन 7 द्वारा रामसागर पारा में अनुमति विपरीत निर्माण तोड़ा

### फ्रंट एमओएस में निर्मित लगभग 300 वर्गफीट निर्माण को तोडा गया 0

**रायपुर** - आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विष्वदीप के निर्देष पर नगर निगम जोन 7 नगर निवेष विभाग द्वारा जोन क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड क्रमांक 36 के अंतर्गत रामसागर पारा क्षेत्र में नागरिक श्री गोपाल धामेजा द्वारा अनुमति के विपरीत किये गये निर्माण को नियमानुसार उन्हें नोटिस देने उपरांत अभियान चलाकर जोन 7 जोन कमिष्नर श्री राकेष शर्मा के निर्देष पर कार्यपालन अभियंता श्री ईष्वर लाल टावरे, नगर निवेष उपअभियंता सुश्री रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में तोडा गया । जानकारी दी गई कि स्थल पर फ्रंट एमओएस में अनुमति के विपरीत निर्मित भाग में लगभग 300 वर्गफीट का निर्माण कार्यवाही के दौरान तोडा गया।



## धान खरीदी का अनुमान बढ़कर 78 लाख मीट्रिक टनष किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ : केंद्र सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

**रायपुर ।** केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के अनुमान को 70 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 78 लाख मीट्रिक टन करने की मंजूरी दी है। इस महत्वपूर्ण फैसले से प्रदेश के लाखों किसानों को आर्थिक लाभ होगा और उनकी मेहनत को नई पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी का धन्यवाद करते हुए इसे डबल इंजन सरकार की किसान कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि यह अतिरिक्त 8 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी किसानों की आय बढ़ाने और छत्तीसगढ़ की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार किसानों को बेहतर मूल्य, समय पर भुगतान और सुगम खरीदी प्रक्रिया उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि खरीदी सीमा में यह वृद्धि किसानों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी और उनकी उत्पादन क्षमता में केंद्र की आस्था का प्रतीक है।

साथ ही, मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और संगठित बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। नई योजनाओं और उपायों के माध्यम से किसानों के जीवन में खुशहाली और सम्मान लाना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के अन्नदाता नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ेंगे। यह निर्णय किसानों के लिए समर्पित डबल इंजन सरकार की सफलता का प्रतीक है।

### गिरफ्तारी के घेरे में चैतन्य बघेल, रायपुर कोर्ट में पेशी आज

**रायपुर,** । केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। प्रदेश की राजनीति में इस गिरफ्तारी ने खलबली मचा दी है। पुलिस ने छानबीन के बाद उन्हें हिरासत में लिया।

रायपुर की अदालत में आज उन्हें पेश करने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अदालत के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं ताकि किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति से निपटा जा सके।

## विधानसभा में ईडी की कार्रवाई पर हंगामा,

# कांग्रेस विधायकों ने किया दिनभर का बहिष्कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को उस समय राजनीतिक तापमान बढ़ गया जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर की गई कार्रवाई का मामला सदन में उठा। इस दौरान कांग्रेस विधायकों ने ईडी की छापेमारी और भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हिरासत में लिए जाने पर कड़ा विरोध जताया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सदन में इस मुद्दे को जोरशोर से उठाते हुए कहा कि ईडी की यह कार्रवाई सरकार के दबाव में की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज भूपेश बघेल के बेटे का जन्मदिन है और ऐसे दिन उसे हिरासत में लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ. महंत ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए दिनभर की कार्यवाही के बहिष्कार की घोषणा की। कांग्रेस विधायकों ने विरोध स्वरूप सदन से वाकआउट किया और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के कक्ष में आपातकालीन बैठक की। इस बैठक में भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के सभी विधायक मौजूद रहे। बैठक में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ आगामी रणनीति पर चर्चा की गई।



### शराब घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाईः चैतन्य बघेल को कोर्ट में किया गया पेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार सुबह भिलाई स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापा मारा। इस दौरान उनके पुत्र चैतन्य बघेल को हिरासत में लेकर रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया है। ईडी ने चैतन्य को विशेष न्यायाधीश डमरूधर चौहान की कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां एजेंसी द्वारा उनकी रिमांड मांगे जाने की संभावना जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईडी की करीब 8 सदस्यीय टीम सुबह 6 बजे दो वाहनों में सवार होकर भूपेश बघेल के निवास पर पहुंची। जैसे ही यह खबर फैली, कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। स्थिति को देखते हुए जिला पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। ईडी की यह कार्रवाई राज्य में सामने आए शराब घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है, जिसमें पहले से कई अधिकारियों और नेताओं के नाम सामने आ चुके हैं।

## भिलाई में ईडी की छापेमारी के बाद चैतन्य बघेल कोर्ट में पेश

0 भूपेश बघेल,नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और कांग्रेस विधायक पहुंचे न्यायालय

रायपुर, छत्तीसगढ़ में चल रहे शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान उनके बेटे चैतन्य बघेल को हिरासत में लिया गया, जिन्हें रायपुर स्थित विशेष अदालत में पेश किया गया है। चैतन्य को विशेष न्यायाधीश डमरूधर चौहान की अदालत में पेश किया गया, जहां ईडी ने उनकी रिमांड की मांग रखी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं न्यायालय पहुंचे। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और कांग्रेस के सभी विधायक भी अदालत परिसर में मौजूद हैं।

# ईडी एक स्वतंत्री जांच एजेंसी है इस पर संदेह करना लोकतंत्रीय ढांचे को कमजोर करना : विजय शर्मा

**रायपुर ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की छापेमारी के बाद राज्य के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने तीखा जवाब दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) एक स्वतंत्र और केंद्रीय जांच एजेंसी है, जो पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। विधानसभा सत्र से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए विजय शर्मा ने कहा कि ईडी की कार्रवाई उसके अपने स्तर की जांच का हिस्सा है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में जो शराब घोटाला हुआ, उसकी गूंज दिल्ली और झारखंड तक गई। जाहिर है, कुछ तो ऐसा सामने आया है, जिससे ईडी की यह कार्रवाई जरूरी हुई होगी।

भूपेश बघेल के ईडी पर की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री ने कहा, देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं पर इस तरह की बयानबाजी करना देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करता है। उन्होंने भूपेश बघेल को याद दिलाया कि किस तरह 1975 में आपातकाल लगाया



गया था और उस समय चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की साख को नुकसान पहुंचाया गया था। शर्मा ने कहा, आज जब चुनाव आयोग संविधान के तहत काम कर रहा है, तब उस पर सवाल उठाना दोहरा मापदंड है।

विधानसभा में अडानी और शराब घोटाले को लेकर विपक्ष के तेवरों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि *सरकार में किसी भी तार्किक सवाल का स्वागत है। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय की सरकार पूरी **पारदर्शिता* के साथ काम कर रही है और विपक्ष को *सदन में अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलेगा।

गौरतलब है कि ईडी की कार्रवाई पर भूपेश बघेल ने आरोप लगाया था कि आज मेरे बेटे का जन्मदिन है, पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ईडी आई थी। आज विधानसभा में अडानी का मुद्दा उठना है, इसलिए मोदी-शाह ने अपने 'मालिक' को खुश करने के लिए ईडी भेजी है। इस बयान पर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

# कोविड योद्धाओं को मिलेगा भर्ती में प्रथम अवसर

## समग्र शिक्षा एम.डी. डॉ. संजीव कुमार झा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने दिया स्पष्ट आश्वासन

**दैनिक लोकशक्ति,रायपुर।**

कोविड काल में सेवा दे चुके नर्सिंग, कंप्यूटर व स्वास्थ्य कर्मियों को लेकर आज एक बड़ा सकारात्मक संदेश सामने आया है। समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक (एम.डी.) डॉ. संजीव कुमार झा से प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात हुई, जिसमें उन्होंने स्पष्ट कहाः आप सभी का योगदान अमूल्य है – भर्ती प्रक्रिया में सबसे पहला सम्मान कोरोना काल के वास्तविक सेवा देने वाले कर्मियों को ही मिलेगा। आपके दस्तावेज़ समग्र कार्यालय द्वारा अग्रेषित कर दिए गए हैं।

यह वार्ता उस दिशा में एक ठोस पहल है, जिसमें कोविड योद्धाओं को प्राथमिकता दिलाने की वर्षों पुरानी मांग अब वास्तविकता बनती दिख रही है।इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल भी कह चुके हैंः कोरोना योद्धाओं का सम्मान सरकार की नैतिक ज़िम्मेदारी है – नियुक्तियों में



पहला हक उन्हीं का है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा जारी 15 चयनित युवाओं की सूची में कई नाम कोविड सेवा से जुड़े रहे हैं,

**हेल्थ केयर (स्टाफनर्स):**

यामनी देवांगन, योगेन्द्र देवांगन, अजय त्रिपाठी, सत्यभामा चंद्रवंशी, छाया कोसरेया

**आईटी (कंप्यूटर):**

दुर्गेश कुमार वर्मा, वर्षा वर्मा, निधि परनिहा, श्याम बाई साहू, चंदा पटेल, संतोष कुमार साहू, योगेश कुमार साहू

**फाइनेंस एवं बैंकिंग:**

कुंदन करण, कीर्ति दास

**टेलस्टाइलिंग:श्रावती**

प्रतिनिधियों द्वारा सौंपे गए दस्तावेजों को एवीएन के संचालक एवं उपसंचालक श्री रजनीश सिंह के माध्यम से समग्र शिक्षा विभाग में विधिवत प्रस्तुत किया गया है। विभाग द्वारा दस्तावेजों का परीक्षण कर फॉरवर्डिंग प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शासन व विभाग दोनों स्तरों पर कोरोना कालीन सेवा देने वाले युवाओं को यथोचित मान-सम्मान व रोजगार देने की मंशा गंभीर है। कोविड योद्धा संघ, छत्तीसगढ़ ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा शासन, स्वास्थ्य मंत्री, समग्र शिक्षा एम.डी. व एवीएन संचालन टीम के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा।

# बोरे-बासी योजना में कथित घोटाले की जांच करेगी विधायकों की समिति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की बोरे-बासी योजना को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विधानसभा में शुक्रवार को इस योजना में हुए कथित करोड़ों रुपये के घोटाले का मामला जोर-शोर से उठा। भाजपा विधायकों राजेश मूणत, अजय चंद्राकर और धर्मजीत सिंह ने यह मुद्दा सदन में गंभीरता से उठाते हुए इस पर व्यापक जांच की मांग की।इन विधायकों ने आरोप लगाया कि योजना के नाम पर भारी वित्तीय अनियमितताएं की गईं और कागजों पर ही लाखों मजदूरों को बोरे-बासी बांटने का दावा कर करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने सदन में घोषणा की कि इस पूरे मामले की जांच अब विधायकों की एक समिति द्वारा की जाएगी। यह समिति तथ्यों की जांच कर अपनी रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करेगी।गौरतलब है कि बोरे-बासी योजना के तहत मजदूरों को स्थानीय पारंपरिक भोजन देने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन अब इस पर सवाल उठ रहे हैं कि यह योजना वास्तव में लागू हुई भी थी या नहीं। कई स्थानों पर मजदूरों ने खुद भी बोरे-बासी मिलने से इनकार किया है। सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भाजपा ने इस मुद्दे पर पूर्ववर्ती सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए इसे एक बड़ा वित्तीय घोटाला करार दिया है।



### शराब घोटाले में चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का हंगामा

रायपुर, । छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की कार्रवाई के बाद सियासी माहौल गरमा गया है। शुक्रवार को ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर छापा मारा और उनके पुत्र चैतन्य बघेल को हिरासत में ले लिया। इसके बाद चैतन्य को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया।

# श्रीरामलला दर्शन योजना : जिले के 986 रामभक्तों ने अयोध्या में किए भगवान श्रीराम के दर्शन

**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की भगवान श्री राम के प्रति आस्था जगजाहिर है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रारंभ की गई श्री रामलला दर्शन योजना न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों को अयोध्या में स्थित श्री रामलला के दर्शन का सुअवसर प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है, यहां के लोग उन्हें भांचा राम के नाम से भी जानते हैं। भगवान श्री राम के प्रति आस्था प्रदेश के कण कण पर व्याप्त है। अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन के बाद लोग अपने आप को धन्य महसूस करते हैं।

जशपुर जिले में योजना प्रारंभ से अब तक 986 रामभक्तों ने अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन किए हैं। दर्शन के बाद रामभक्तों के चेहरे पर झलकती संतुष्टि और आत्मिक खुशी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के प्रति कृतज्ञता का भाव उनमें साफ झलकता है। श्री रामलला दर्शन योजना प्रदेश की नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और श्री राम के आदर्शों को सामाजिक चेतना में पुनः स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन रही है। ट्रेन रवाना करते समय बजते भजन, भगवान श्री राम की जयकारे की गूंज, यात्रियों के चेहरे से झलकती खुशी आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का वातावरण रचते हैं।

# ईडी की कार्रवाई पर पीसीसी चीफदीपक बैज का विरोध, बताया राजनीतिक षड्यंत्र



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर निवास पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को साजिश करार देते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री को बदनाम करने की सुनियोजित कोशिश है।

दीपक बैज ने लिखा, आज फिर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की टीम भेज दी गई है। अब तक की तमाम जांचों में न ईडी, न सीबीआई और न ही ईओडब्ल्यू को कोई ठोस सबूत मिला है, लेकिन दबाव बनाने की कोशिशें लगातार जारी हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी बजट सत्र के दौरान ईडी ने भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर दबिश दी थी। वह छापेमारी करीब 11 घंटे तक चली थी। खुद भूपेश बघेल ने जानकारी दी थी कि उस दौरान उनके घर से 32 से 33 लाख रुपए नकद और कुछ दस्तावेज जब्त किए गए थे। उस समय चैतन्य बघेल के निवास सहित प्रदेशभर में कुल 14 स्थानों पर ईडी की टीमों ने एक साथ छापेमारी की थी।

# महारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए : सीएम



**रायपुर।** महारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए ङ्क मुख्यमंत्री श्री सायमहारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए ङ्क मुख्यमंत्री श्री सायमहारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए ङ्क मुख्यमंत्री श्री साय पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन समाज कल्याण हेतु समर्पित रहा। वह इंदौर की न केवल महारानी थीं, बल्कि न्यायप्रिय, धार्मिक एवं निष्पक्ष प्रशासक भी थीं। उन्होंने देशभर में धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा आयोजित पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर आधारित नाट्य मंचन समारोह में कही।श्री साय ने आगे कहा कि हम सभी लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मना रहे हैं। इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश एवं प्रदेश में उनकी स्मृति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

सुशासन, सनातन और संस्कृति के लिए समर्पित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर आधारित यह नाट्य प्रस्तुति लोगों तक उनके महान कृतित्व को पहुंचाने में सहायक होगी। राजमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे गौरवशाली इतिहास की महान प्रेरणापुंज हैं। उनके जीवन चरित्र से वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को साकार किया। तीन दशकों तक उन्होंने होलकर राजवंश का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था प्रदान की। दक्षिण में कांची, उत्तर में बद्रीनाथ, पूर्व में पुरी और पश्चिम में द्वारका तक, हर स्थान पर उनके पुण्य कार्यों की छाप मिलती है। वे इंदौर की महारानी थीं, परंतु उन्होंने अपने को किसी भौगोलिक सीमा में नहीं बाँधा। देश के विभिन्न हिस्सों में उन्होंने मंदिरों का निर्माण, धर्मशालाओं की स्थापना की और धर्म की पताका सदैव लहराई।

वह सनातन की ध्वजवाहिका रहीं। जब महारानी अहिल्याबाई का नाम आता है तो हाथों में शिवलिंग लिए हुए उनकी तस्वीर सजीव हो उठती है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना के प्रतीक काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। जब औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट किया, तब यह घटना हिंदू समाज के लिए अत्यंत आघातकारी थी। उस समय माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज से कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हमारा सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। पेशवा माधवराव ने भी अपनी वसीयत में लिखा था कि उनकी इच्छा है कि काशी विश्वनाथ मंदिर फिर से बने। यह यशस्वी कार्य राजमाता अहिल्याबाई होलकर के कर-कमलों से संपन्न हुआ।

# छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश, आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगत

### छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश, आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगत

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने की मुलाकात

### छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के लिए होगा कार्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश, आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगतछत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं अब आकाश को छूएंगी। राज्य के खिलाड़ी प्रारंभिक स्तर से ही आधुनिक तकनीकों के माध्यम से दक्ष बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा है, विशेषकर आदिवासी अंचलों के युवाओं में अत्यधिक संभावनाएं हैं। इस परिप्रेक्ष्य में श्री बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने में ये प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

चर्चा के दौरान श्री बिंद्रा ने बताया कि वे अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए विविध कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि फाउंडेशन द्वारा खेलहित में संचालित ये कार्यक्रम निःशुल्क होते हैं, जिससे खिलाड़ियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भी फाउंडेशन के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम प्रारंभ किए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की।

श्री बिंद्रा ने जानकारी दी कि ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों में ओलंपिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। उन्हें उत्कृष्टता, सम्मान और मैत्री जैसे मूल्यों को अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा, जिससे प्रारंभिक अवस्था से ही खेल प्रतिभाओं का संवर्धन संभव हो सकेगा।मुख्यमंत्री श्री साय को श्री बिंद्रा ने अवगत कराया कि स्पोर्ट्स इंजरी खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ियों को निःशुल्क सर्जरी, पुनर्वास एवं उपचार उपरांत देखभाल की संपूर्ण सुविधा प्रदान की जाएगी, ताकि वे स्वस्थ होकर पुनः खेल क्षेत्र में सक्रीय हो सकें। इस हेतु फाउंडेशन के साथ देश के 30 उत्कृष्ट चिकित्सकों का नेटवर्क कार्यरत है, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को मिलेगा।मुख्यमंत्री को श्री बिंद्रा ने बताया कि वर्तमान खेल परिदृश्य पूर्णतः विज्ञान-आधारित हो गया है। अतः वे छत्तीसगढ़ में स्पोर्ट्स साइंस कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं, जिससे आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा सके। नवीनतम तकनीकों की सहायता से प्रतिभाओं की पहचान वैज्ञानिक तरीके से की जा सकेगी तथा टेक्नोलॉजी के माध्यम से उनके कौशल को समुचित रूप से विकसित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को आवश्यक सभी सुविधाएं प्रदान कर रही है। विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा समुदाय के युवाओं में तीरंदाजी का प्राकृतिक कौशल है। इस प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु रायपुर एवं जशपुर में एनटीपीसी के सहयोग से 60 करोड़ रुपये की लागत से आर्चरी अकादमी की स्थापना की जा रही है।

## 11 असामाजिक तत्वों के खिलाफ की गई कार्यवाही

**दुर्ग।** जिले की थाना छावनी तथा खुर्सीपार पुलिस ने 11 असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

बता दें कि अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने के क्रम में थाना छावनी पुलिस द्वारा दिनांक 17.07.2025 को 07 असामाजिक तत्वों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत असामाजिक कृत्य करते पाए जाने पर इनके ऊपर नियंत्रण रखने हेतु धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं थाना खुर्सीपार पुलिस व्दारा 04 आरोपियों के पास अवैध रूप से धारदार चाकू रखे होने पर 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए असामाजिक तत्वों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

मामले में पुलिस ने महेंद्र बैरागी पिता जगदीश बैरागी उम्र 20 वर्ष साकिन बैरागी मोहल्ला पावर हाउस,पीयूष नंदी पिता स्वर्गीय सुब्रतो नदी उम्र 24 वर्ष साकिन शारदापारा कैम्प 02 कबीर कुटी थाना छावनी, चंद्रशेखर बिसाई पिता सिमाद्री बिसाई उम्र 28 वर्ष साकिन बैरागी मोहल्ला पावर हाउस,शेख रशीद पिता शेख सगीर उम्र 25 वर्ष साकिन शारदापारा कैंप 02 भैरव बस्ती भिलाई थाना छावनी, योगेश भारती पिता फेरहा दास भारती उम्र 25 वर्ष साकिन मेहमान कोल्ड डिपो शास्त्री नगर कैंप 01 थाना छावनी, थानु यादव पिता बल्लू यादव उम्र 22 वर्ष सेकंड कैंप 01 शास्त्री नगर कब्रिस्तान के पास थाना छावनी, योगेश सिन्हा पिता उर्फ ओगदु पिता भूषण सिंह उम्र 24 वर्ष साकिन बैरागी मोहल्ला पावर हाउस थाना छावनी के खिलाफ कार्यवाही की है।

# आंगनबाड़ियों में दिख रहा बदलाव, बच्चों को मिल रहा खेल-खेल में ज्ञान, संस्कार और पोषण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की आंगनबाड़ियाँ अब बच्चों के पोषण के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य के नए केंद्र बन रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि ÷राज्य सरकार का लक्ष्य आंगनबाड़ियों को नवाचारयुक्त बाल विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है, जहां बचपन संवरता है और भविष्य मजबूत होता है।÷

राज्य के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र अब पारंपरिक स्वरूप से निकलकर प्री-स्कूल प्ले लर्निंग स्पेस के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। यहां बच्चों को कहानियों, चित्रों, लोकगीतों और गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, भाषा विकास और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। बेमेतरा जिले का बोइरकछरा आंगनबाड़ी केंद्र राज्य में एक उत्कृष्ट मॉडल बनकर उभरा है। यहां बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास सुनियोजित तरीके से हो रहा है। दीवारों पर शैक्षणिक चित्रों और बालगीतों की प्रस्तुति, ÷मोर जन्म दिन÷ कैलेंडर और बच्चों के लिए तैयार किए गए ÷कैरी बैग÷ जैसे नवाचार बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिकता का संचार कर रहे हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता, आत्मरक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए जा रहे हैं। वहीं गर्भवती महिलाओं को स्तनपान, नवजात देखभाल और संतुलित आहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जा रही हैं। पूरक पोषण आहार योजना के तहत बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक भोजन जैसे हरे साग, मुनगा भाजी पाउडर, फल, रोटी-सब्जी और दाल-भात प्रदान किया जा रहा है। बेमेतरा की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि बोइरकछरा केंद्र में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और महिला सक्षम कोष सहित सभी प्रमुख योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस सफलता के पीछे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्यारी ध्रुव और सहायिका की अहम भूमिका रही है, जिनकी निष्ठा और रचनात्मक सोच इस केंद्र को प्रेरणास्त्रोत बनाती है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि ÷राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तरह शिक्षा, पोषण और संस्कार के समेकित केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि हर बच्चा सशक्त, शिक्षित और स्वस्थ बन सके।÷ छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से आंगनबाड़ी केंद्र अब बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बन रहे हैं कृ जहां पोषण के साथ संस्कार और ज्ञान का भी समुचित समावेश हो रहा है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 24,550 समूहों को 147 करोड़ की राशि वितरित

### सामुदायिक निवेश कोष में कोरिया और राजनांदगांव जिला ने महिला समूहों को प्रदान किया शत-प्रतिशत राशि

**रायपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के माध्यम से राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को छोटे-छोटे व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने हर सभंव प्रयास किया जा रहा है।बिहान के अंतर्गत सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) में इस वित्तीय वर्ष में अब तक राज्य के 24 हजार 550 महिला स्व-सहायता समूहों को 147 करोड़ 30 लाख रूपए किए गए है। इसमें से कोरिया और राजनांदगांव जिला द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन जिलों में लक्षित शत-प्रतिशत समूह को राशि प्रदान कर दी गई है।

गौरतलब है कि सामुदायिक निवेश कोष के तहत इस वित्तीय वर्ष में 42 हजार 275 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 253 करोड़ 65 लाख रूपए की सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह लक्ष्य के करीब 58 प्रतिशत की प्राप्ति की जा चुकी है। राज्य में सात जिले ऐसे है जिन्होंने मात्र चार माह की अवधि में 70 प्रतिशत से अधिक की उपलब्धि हासिल कर महिलाओं को लाभान्वित किया है।

इसमें से कोरिया जिले की शत-प्रतिशत लक्षित 425 महिला स्व-सहायता समूहों को 60 हजार रूपए प्रति समूह की दर से कुल 2.55 करोड़ तथा राजनांदगांव जिले की भी शत-प्रतिशत लक्षित 628 स्व-सहायता समूहों को 3 करोड़ 76 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है।

इसी प्रकार दंतेवाड़ा जिला में 400 स्व-सहायता समूहों को 2 करोड़ 40 लाख वितरित कर 93 प्रतिशत, सरगुजा में 300 समूहों को 1 करोड़ 80 लाख वितरित कर 90 प्रतिशत, बलौदाबाजार में 2020 समूहों को 12 करोड़ 12 लाख रूपए वितरित कर 86 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में 800 समूहों को 4 करोड़ 80 लाख रूपए वितरित कर 77 प्रतिशत और गरियाबंद जिला में 900 स्व सहायता समूहों को 5 करोड़ 40 लाख रूपए वितरित कर 70 प्रतिशत का वितरण किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि अधिकतर महिला समूह कृषि कार्यों से जुड़े हैं और जून-जुलाई के दौरान उन्हें बीज, खाद, मजदूरी के लिए धन की आवश्यकता होती है। इस राशि के मिलने से उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिली है।

# राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से गुणवत्ता सुधार करने रोडमैप मांगा कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श

### राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से गुणवत्ता सुधार करने रोडमैप मांगा कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श



**रायपुर।** राज्यपाल और विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री रमेन डेका ने शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कुलपतियों से दो माह के भीतर रोडमैप मांगा है। उन्होंने आज राजभवन में कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श कर छात्रों के हित के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ.एस. भारती दासन विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देशित किया है कि जिस कोर्स में छात्र और शिक्षक नहीं है, उन्हें बंद किया जाएं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा कि वे मैनेंजमेंट के साथ बैठक कर गुणवत्ता सुधार की कार्ययोजना बनाकर सितम्बर माह में उपलब्ध कराएं। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों एवं नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के लिए पोर्टल बनाया जाएगा जिसमें एडमिशन से लेकर हर गतिविधियों को विश्वविद्यालय अपलोड करेंगे। उन्होंने कहा कि जो विश्वविद्यालय नेक ग्रेडिंग के लिए पात्र हो चुके है वे अनिवार्य रूप से ग्रेडिंग की प्रक्रिया में शामिल हों। श्री डेका ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विद्यार्थी को भी जागरूक किया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।

# माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव 20 जुलाई को, दो पैनलों में कड़ी टक्कर

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ के प्रतिष्ठित माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट का चुनाव 20 जुलाई को होने जा रहा है। इस चुनाव में दो मुख्य पैनल आमने-सामने हैं। कुल 15 पदों के लिए मुकाबला होगा, जिसमें संरक्षक श्रेणी के 7, आजीवन सदस्य श्रेणी के 5 और साधारण श्रेणी के 3 पद शामिल हैं। हालांकि साधारण श्रेणी में इस बार तीन निर्दलीय उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला और अधिक दिलचस्प हो गया है। ये प्रत्याशी दोनों पैनलों के वोट बैंक को प्रभावित कर सकते हैं। डोंगरगढ़ में चुनावी माहौल जोरों पर है। शहर की गलियों में समर्थक जनसंपर्क कर रहे हैं और चुनावी चर्चा हर ओर हो रही है। यह चुनाव शहर के सबसे हाई प्रोफाइल आयोजनों में से एक माना जाता है, जिसमें सिर्फ प्रचार नहीं बल्कि रणनीति और प्रतिष्ठा भी दांव पर होती है। हर बार की तरह इस बार भी दोनों पैनलों ने अपने-अपने चुनावी कार्यालय स्थापित किए हैं। सेवा दल ने मारवाड़ी धर्मशाला में और भैया जी पैनल ने अग्रसेन भवन में अपना डेरा जमाया है।

## खड़े ट्रक से टकराया दूसरा ट्रक, चालक की मौत, कंडक्टर घायल

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले के चिचोला क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाइवे पर एक ट्रक चालक ने अपना वाहन बिना किसी चेतावनी संकेत या लाइट के सड़क के बीच में खड़ा कर रखा था। इसी दौरान रायपुर से लोहा लेकर नागपुर जा रहा एक दूसरा ट्रक पीछे से तेज रफ्तार में आकर खड़े ट्रक से टकरा गया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूसरा ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक राजा राम पटेल स्टेयरिंग में फंस गया।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया (छ.ग.) के द्वारा किया गया पाँच दिवसीय शिविर का आयोजन

लोकशक्ति

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के जिला मुख्य आयुक्त मा. देवेंद्र तिवारी के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार एवं शिविर संचालक जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में तृतीय सोपान स्काउट- गाइड जांच एवं राज्यपाल पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन दिनांक 14.07.2025 से 18.07.2025 तक स्थान - शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका, जिला कोरिया में आयोजित किया गया 7 जिसमें राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास हेतु जिले के 4 विद्यालयों से 07 स्काउट, 14 गाइड तथा तृतीय सोपान जांच शिविर हेतु जिले के 14 विद्यालयों से 42 स्काउट, 67 गाइड एवं 05 प्रभारी स्काउटर - गाइडर सम्मिलित हुए 7

## शिविर का मुख्य उद्देश्य

पाँच दिवसीय शिविर में राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर के स्काउट्स गाइड्स को राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा आगामी माह में आयोजित होने वाले राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा हेतु तैयार किया गया, जिसमें उत्तीर्ण होने पर स्काउट्स गाइड्स को महामहिम राज्यपाल महोदय के हाथों उनके हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा साथ ही बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस के रूप में प्रदान किया जाएगा।

**शिविर में बच्चों ने सीखा**

तृतीय सोपान जांच शिविर में स्काउट्स गाइड्स का



प्रवेश से लेकर तृतीय सोपान तक के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की जानकारी जैसे स्काउटिंग आंदोलन, आधारभूत तत्व, विभिन्न प्रकार के ध्वज एवं उनको फहराने के विधि की जानकारी, विभिन्न प्रकार की गांठे, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, टेंट बनाना, मचान बनाना, कंपास एवं सोलह दिशाओं का ज्ञान, प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार के पट्टियों का प्रयोग करना एवं अस्थाई स्ट्रेचर बनाना, खुले में जीवन, कैंपिंग एवं खोज के चिन्हों के माध्यम से हाइकिंग, बिना बर्तन के भोजन बनाना, दक्षता पदक की विस्तृत जानकारी इत्यादि विभिन्न प्रकार के स्काउटिंग विधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कर जाँच परीक्षा लिया गया।

**शिविर के संचालक मंडल में इनका मुख्य भूमिका रहा** इस शिविर को सफलता पूर्वक आयोजन शिविर संचालक नागेश्वर साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, रवि कुमार पाण्डेय जिला संघ कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार राजवाडे जिला सचिव, सुनील बड़ा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, श्याम कुमार आण्डिल विकासखण्ड सचिव सोनहत, शिव प्रताप सिंह विकासखण्ड सचिव बैकुंठपुर, रवि प्रसाद बैगा जिला मीडिया प्रभारी, स्काउटर अनिल कुमार, शुकलाराम भगत, निशा खान जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, विजय कुजुर, जानकी ध्रुव, विजय कुजुर, शकुन्तला लकड़ा, आशा एक्का, भानुप्रिया भास्कर के द्वारा किया गया।

## राज्य के उच्च पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

संचालक मण्डल के सभी सदस्यों एवं सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, कैलाश कुमार सोनी राज्य सचिव, चंदन संजय त्रिपाठी कलेक्टर पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया, देवेन्द्र तिवारी जिला मुख्य आयुक्त कोरिया, जितेंद्र कुमार गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जिला कोरिया, संस्था के प्राचार्य एवं अन्य स्काउटर गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं ।




## चरित निर्माण कर आदर्श नागरिक बनाने की संस्था है भारत स्काउट्स गाइड्स : देवेंद्र तिवारी

शिविर के अंतिम दिवस भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के जिला मुख्य आयुक्त मा.देवेंद्र तिवारी आगमन हुआ इन्होंने कहा भारत स्काउट्स और गाइड्स एक ऐसी संगठनात्मक संस्था है जो बालकों और बालिकाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को न केवल एक अच्छा नागरिक बनाना है, बल्कि उन्हें समाज, राष्ट्र और मानवता के लिए समर्पित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है।यह संस्था बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना, संकटों का सामना करना सिखाना और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने की शिक्षा देती है। स्काउटङ्गगाइड की गतिविधियाँ जैसे शिविर, सेवा कार्य, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन इत्यादि, बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करती हैं। एक आदर्श समाज के निर्माण के लिए, हर विद्यालय और परिवार को स्काउट्सङ्गगाइड्स जैसी संस्थाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे भावी पीढ़ी सक्षम, संस्कारी और सेवा-भाव से ओतप्रोत बन सके।

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सलका, कोरिया के प्राचार्य मोनिष कुमार गजेन्द्र उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड आत्मविश्वास, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह शिविर निश्चित ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा, तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज में चलाई जाने वाले विभिन्न कोर्स एवं उसमें प्रवेश की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। शिविर का समापन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तत्पश्चात समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया जितेन्द्र कुमार गुप्ता जी के द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया द्य उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा आप सभी ने इस प्रशिक्षण को निष्ठा एवं लगन से पूर्ण किया। आज प्राप्त यह प्रमाण पत्र केवल कागज़ नहीं, बल्कि आपके समर्पण, परिश्रम एवं व्यक्तित्व विकास का प्रतीक है द्य आशा है कि आप इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में भी अपनाएंगे और समाज व राष्ट्र की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।



पटना में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित मेगा जॉब मेले के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बेरोजगार युवा एकत्रित हुए।



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा अगरतला में उज्जयंत पैलेस के पास केर पूजा उत्सव के दौरान एक आदिवासी पुजारी से आशीर्वाद लेते हुए।

## अमेरिकी शेयरों में जमकर पैसा लगा रहे भारतीय, इन कंपनियों में कर रहे सबसे ज्यादा निवेश

**नई दिल्ली ,**। घरेलू शेयर बाजार के साथ-साथ अमेरिकी बाजार में भी भारतीय जमकर पैसा ला रहे हैं। घरेलू निवेशकों ने सबसे ज्यादा ट्रेड यूएस की चिप कंपनी एनवीडिया में किया है, जिसने हाल ही में चार ट्रिलियन डॉलर की मार्केटकैप की उपलब्धि हासिल की है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। वेस्टेड फाइनेंस की 'ग्लोबल इन्वेस्टिंग बिहेवियर रिपोर्ट' के मुताबिक, अप्रैल-जून की अवधि में भारतीयों की ओर से अमेरिकी शेयरों में एनवीडिया को सबसे ज्यादा ट्रेड किया गया। कुल बाय वॉल्यूम में इसकी हिस्सेदारी 6.4 प्रतिशत थी, जबकि सेल वॉल्यूम में इसकी हिस्सेदारी 8.3 प्रतिशत थी।रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे ज्यादा नेट इनफ्लो गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट में दर्ज किया गया। यूनिक निवेशकों में 113 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा भारतीयों ने अन्य दिग्गज अमेरिकी कंपनियों जैसे टेस्ला, एडवांस्ड माइक्रो डिवाइस (एएमडी) और एप्पल आदि में भी निवेश किया है। इसके अतिरिक्त, अन्य अमेरिकी कंपनी डुओलिंगो में निवेशकों की संख्या में 2,255 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि यूनाइटेडहेल्थ ग्रुप और नोवो नॉर्डिस्क जैसी स्वास्थ्य सेवा की दिग्गज कंपनियों के निवेशक आधार में 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई।

# कलाकारों को सम्मानित किया गया

केसिंगा। लोकशक्ति

आज स्थानीय वृंदावन संस्कृत अनुष्ठान के सभा गृह में अनुष्ठान के कलाकारों का सम्मानित किया गया । विगत जनवरी 26 को दिल्ली के लाल किल्ले के मैदान में इस अनुष्ठान के कलाकारों का किया गया कला प्रदर्शन को देखकर के इन्हें ग्रीनीज बुक ऑफवर्ल्ड से नवाजा गया था । आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिल्ला के जिल्ला पाल सचिन पवार महोदय ने अपने विचार में कहा कि वृंदावन संस्कृत अनुष्ठान एक सामाजिक अनुष्ठान है इनके कलाकारों को ग्रीनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड मिलना बहुत ही गौरव की बात है एवं सम्मानित अतिथि के तौर पर केसिंगा के वरिष्ठ समाज सेवी एवं सिटीजन फॉर्म के अध्यक्ष डॉक्टर हेमसागर साह स्थानीय वीडियो, तहसीलदार जिल्ला के कई जाने माने हस्तियां उपस्थित थे। अनुष्ठान के सभापति श्री सुशान्त महापात्र महासचिव अक्षय कुमार दास इनके अलावा केसिंगा शहर के भारी संख्या में भाई-बहन उपस्थित थे ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनुष्ठान के सदस्यों का भारी योगदान रहा है। सभा का संचालन सुश्री रुबिका चौधरी ने किया एवं आखरी में धन्यवाद ज्ञापन अक्षय दास ने दिया।



# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने गुजरात में लखपति दीदियों से संवाद किया





## 15 अगस्त तक देश में 2 करोड़ 'लखपति दीदियां' होंगी- श्री शिवराज सिंह चौहान

पीआईबी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जूनागढ़, गुजरात में भारतीय मूंगफली अनुसंधान संस्थान का निरीक्षण किया, कार्यों की समीक्षा की और किसानों व स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से संवाद किया।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 10 लाख से अधिक आय प्राप्त करने वाली 50 लखपति दीदियों की सफल प्रेरणादायी कहानियों के संकलन का प्रकाशन किया। साथ ही संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन 2024 का विमोचन भी किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने लखपति दीदियों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की बहनों को लखपति बनाना सरकार का संकल्प है, प्रत्येक महिला स्वावलंबी, आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनें, इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि अब-तक 1.5 करोड़ दीदियां लखपति बन गई हैं। 15 अगस्त तक 2 करोड़ लखपति दीदियों का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। देश में अब सिर्फ लखपति दीदी ही नहीं बल्कि 10 लाख से ज्यादा आय के साथ मिलेनियर दीदियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि लैंगिक भेदभाव को कम करने और सामाजिक बदलाव की दिशा में स्वयं सहायता समूहों की बहनें परिवर्तन की नई कहानियां लिख रही हैं। यह महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का भी संकल्प है कि देश की महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में आर्थिक गतिविधियों में भूमिका निभाएं।

आगे उन्होंने कहा कि गांव में महिलाओं को यदि सही कौशल प्रशिक्षण, बैंक से उचित ऋण व आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो जाए, तो वह चमत्कार कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि देश के उत्पादों को लोकल से वोकल बनाने में लखपति दीदियां ऐतिहासिक भूमिका निभा रही हैं।

अंत में महिलाओं के योगदान की प्रशंसा और हौसला बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'आप हिम्मत से आगे बढ़ते रहिए। आपकी हरसंभव मदद के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं आपके साथ खड़े हैं। उद्योग जगत में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है। महिलाओं के परिश्रम से ही विकसित भारत का निर्माण होगा। भावी भविष्य के लिए आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## इंफ्रास्ट्रक्चर' विकसित भारत की भव्य इमारत का मजबूत स्तंभ : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जोर देकर कहा है कि भारत अपने एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'वन नेशन वन गैस ग्रिड' के विजन पर काम आगे बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 तक देश में केवल 15,000 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें थीं, जो अब बढ़कर लगभग 25,000 किलोमीटर हो गई हैं और कई किलोमीटर निर्माणाधीन हैं।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनकी दिशा बदलना आसान नहीं है। लेकिन जब दूरदर्शी नेता, देशवासियों के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर, संरक्षक बनते हैं, तो यह संभव हो जाता है। जब दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान छू रही थीं, तब प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि बढ़ती कीमतों की आंच भारत तक न पहुंचे,

उन्होंने कहा कि एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले तीन वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के बजाय घटी हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने जोर देकर कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिससे देशवासियों की कमाई पेट्रोल और डीजल पर क्रमशः 13 रुपए और 16 रुपए प्रति लीटर बची। भाजपा शासित राज्यों ने भी वैट कम किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में एलपीजी क्रांति आई है, जिसने हर क्षेत्र में बदलाव की एक नई लहर ला दी है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10.33 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन दिए गए हैं। आज भी, उन्हें केवल 553 रुपए में एक सिलेंडर मिलता है, जो अन्य एलपीजी उत्पादक देशों की तुलना में कम है।

उन्होंने आगे कहा कि इसके विपरीत, पड़ोसी देश श्रीलंका में इसी सिलेंडर की कीमत 1,204 रुपए, नेपाल में 1,201 रुपए और पाकिस्तान में 1,000 रुपए है। केंद्रीय मंत्री ने बताया, अकेले पश्चिम बंगाल में इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 1.25 करोड़ से अधिक है। इस क्रांति ने न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार किया है, बल्कि यह रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बन गया है।

# राज्य के सिंचाई जलाशयों में 50 फीसद जलभराव

रायपुर,

जल संसाधन विभाग द्वारा 19 जुलाई को जारी टैंक गेज रिपोर्ट के अनुसार राज्य के प्रमुख सिंचाई जलाशयों में अब तक 49.78 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बिलासपुर स्थित खारंग डेम और दुर्ग जिले का खपरी जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल 46 प्रमुख जलाशयों में से झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, मनियारी जलाशय 90 प्रतिशत से अधिक, जबकि छरपानी जलाशय में 91 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है।

मिनीमाता बांगो डेम (कोरबा) में अब तक 52.78 प्रतिशत जलभराव हुआ है, रविशंकर सागर (धमतरी) में 53.26 प्रतिशत, तांदुला डेम (बालोद) में 29.29 प्रतिशत, दुधावा डेम में 21.87 प्रतिशत, सिकासार डेम में 45.21 प्रतिशत, सोंढूर में 23 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली डेम में 21.57 प्रतिशत, कोडार डेम में 38.11 प्रतिशत, केलो डेम में 30.96 प्रतिशत जलभराव हुआ है। राज्य के 12 वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शामिल खारंग डेम (बिलासपुर) में 100 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है, जो सर्वाधिक भराव वाले जलाशयों में शामिल है। मनियारी डेम (मुंगेली) में जल स्तर 93.17 प्रतिशत तक पहुंच गया है, छोटे जलाशयों जैसे झुमका डेम (कोरिया) और छिरपानी (कबीरधाम) में क्रमशः 98.84 प्रतिशत और 91.14 प्रतिशत जलभराव हो चुका है।

इसी तरह अरपा भैंसाझार (बिलासपुर) और मायना (कांकेर) जैसे जलाशयों में 30 प्रतिशत से भी कम, गोंदली डेम (बालोद) में 30.24 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 42.57 प्रतिशत जलभराव हुआ है।



खरखरा डेम में 22.15 प्रतिशत, परलकोट डेम में 36.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 69.38 प्रतिशत, पिपरिया नाला डेम में 77.64 प्रतिशत, बलार डेम में 23.04 प्रतिशत, सुतियापात जलाशय में 67.74 प्रतिशत, मोंगरा बैराज में 62.62 प्रतिशत, मरोदा जलाशय में 38.62 प्रतिशत, सरोदा दादर में 41.03 प्रतिशत, घोंघा जलाशय में 82.84 प्रतिशत, मटियामोती जलाशय में 28.51 प्रतिशत, झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, खमारपकुट डेम में 86.11 प्रतिशत, कर्रानाला बैराज में 72.64 प्रतिशत, किंकारी नाला में 80.31 प्रतिशत, सुखा नाला बैराज 72.95 प्रतिशत, कुम्हारी डेम रायपुर में 40.44 प्रतिशत, धारा जलाशय राजनांदगांव में 46.44 प्रतिशत तथा रूसे डेम में 54.47 प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूइस के माध्यम से जल निकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलाशयों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

# पावर टिलर बन रहा है बदलाव का आधार

रायपुर,

75 प्रगतिशील किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों को पावर टिलरों का वितरण

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा जिला अब जैविक खेती के साथ-साथ आधुनिक खेती के उपकरण को अपनाने के लिए भी तेजी से आगे आ रहा है। जिला प्रशासन ने हाल ही में यहां के 75 प्रगतिशील किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों को पावर टिलरों का वितरण किया है।

सबसे बड़ी बात है कि इन आधुनिक खेती के उपकरणों का उपयोग व्यक्तिगत खेती में ही नहीं किया जा रहा है, बल्कि महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से इनके सामूहिक उपयोग मॉडल पर भी जोर दिया गया है, जिससे गांव के अन्य किसान भी इसका लाभ उठा सकें।



पावर टिलर के माध्यम से किसान खेतों की गहरी जुताई करने के साथ-साथ मिट्टी को बारीक करने और जैविक खादों को समरस रूप से मिलाने में कर रहे हैं। जहां पहले पारंपरिक हल से खेत की जुताई में दो से तीन दिन लगते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही घंटों में पूरा हो रहा है। पावर टिलर का आकार छोटा और संचालन सरल होने के कारण यह छोटे जोत के किसानों के लिए भी उपयुक्त है।

ग्राम हीरानार के किसान लूदरुराम और ग्राम कासौली के सुरेश नाग बताते हैं कि पावर टिलर के उपयोग से खेती करना अब पहले से ज्यादा आसान हो गया है। समय की बचत हो रही है। उत्पादन में भी सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मल्टीपरपज मशीन न केवल जुताई के काम आती है, बल्कि मिट्टी पलटने, कतार बनाने, निंदाई-गुड़ाई, खाद मिलाने और ट्रॉली से परिवहन जैसे कार्यों में भी सहायक है। इससे श्रम लागत में कमी आई है और जैविक खेती भी टिकाऊ और लाभदायक बना है। विशेषकर युवा किसान भी अब आधुनिक कृषि तकनीकों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

बस्तर अंचल का दंतेवाड़ा जिला अब अपनी समृद्ध प्राकृतिक संपदा, उपजाऊ मिट्टी और अनुकूल जलवायु के साथ-साथ जैविक खेती की दिशा की ओर अग्रसर हो चुका है।

# फसल बीमा कराने आज से समितियों में लगेंगे शिविर

बिलासपुर

किसानों को फसल बीमा कराने की सुविधा प्रदान करने के लिए उनके आसपास मौजूद सहकारी समितियों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बीमा योजना की कल हुई समीक्षा में कम प्रगति को ध्यान में रखते हुए आगामी 31 जुलाई तक सभी समितियों में अलग-अलग तिथियों में शिविर आयोजन के निर्देश दिए थे। इन शिविरों में बीमा के लिए जरूरी सभी दस्तावेज उन्हें एक साथ मुहैया होगा।

ग्रामीण स्तर के पटवारी, आरएईओ, समिति प्रबंधक यथा संभव बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित होंगे। कलेक्टर ने दूरगामी हित को देखते हुए सभी किसानों से बीमा करा लेने की अपील की है। उन्होंने सभी अधिकारियों को हर संभव अपील करने के निर्देश भी दिए है।

इस योजना के तहत सेवा सहकारी समितियों के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के ऋणी और अऋणी किसानों को शत-प्रतिशत बीमा कवरेज में शामिल किया जाना अनिवार्य किया गया है। संयुक्त शिविरों के माध्यम से किसानों का बीमा पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक शिविर के लिए ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी को प्रभारी अधिकारी, संबंधित पटवारी को सहायक अधिकारी, सेवा सहकारी समिति के संस्था प्रबंधक को तकनीकी सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के ब्रांच मैनेजर एवं सुपरवाइजर को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

संबंधित विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी को मूल्यांकन अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। 19 जुलाई को तखतपुर विकासखण्ड के सोसायटी सिंघनपुरी, विजयपुर, घुरू, सकरी, बिल्हा के सेंवार, बिल्हा, दगोरी, लखराम, कोटा ब्लॉक के करगीखुर्द, नवागांव सल्का, मस्तूरी के धुवाकारी, मस्तूरी, कुकदा में इसी प्रकार मस्तूरी के निरतू में 20 जुलाई को निरतू में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 21 जुलाई को तखतपुर के जूनापारा, पाली, लाखासार, छतौना, बिल्हा के बरतोरी, बोड़सरा, पौसरी, कोटा के धूमा, मस्तूरी के मल्हार, किरारी, गतौरा में शिविर लगाये जाएंगे।

**फसल बीमा के लिए अनिवार्य दस्तावेज**

–

बीमा का कार्य किसी बैंक के अलावा किसी भी सीएससी से कराया जा सकता है। इसके लिए संबंधित किसान को अपना नवीनतम आधार कार्ड, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र बी वन एवं पी टू, बैंक पास बुक की छाया प्रति, फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा स्व घोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नम्बर, बटाईदार/काश्तकार एवं साझेदार किसानों के लिए घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।



## सरपंच के रिश्तेदार का नाम कटने से प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य हितग्रहियों को पंचायत की लगानी पड़ रही है चक्कर ***

राजनांदगांव। एक ओर जहां डबल इंजन की सरकार की प्रमुख योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का ढिंढोरा पिट रहा है वहीं राजनादगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंजोरा में पात्र हितग्राहियों को विगत 3 महीनों से घुमाया जा रहा है कारण सरपंच और उपसरपंच की मनमानी सरपंच के रिश्तेदार के नाम का अपात्र होने पर शेष हितग्राहियों को बार बार पंचायत के चक्कर लगाने पर मजबूर कर दिया हितग्राहियों द्वारा शिकायत करने पर भी प्रशाशन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा ।

सरपंच का लगातार ग्रामवासियों द्वारा शिकायत मिल रहा है सरपंच गांव के लोगों के फा र्म में साइन करने के लिए 4 से 5 दिन घुमाने के बाद काम को करता है लोगो का यहां तक के कहना है।

# अभ्यर्थियों के लिए व्यापम ने जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

## सुचारु परीक्षा आयोजन हेतु अभ्यर्थी दिशा-निर्देश का पूर्णतः करें पालन

## जल संसाधन विभाग के उप अभियंता सिविल तथा विद्युत/यांत्रिकी की परीक्षा 20 जुलाई को

**रायपुर,** । छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाली परीक्षाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने परीक्षाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्रों के लिए कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। व्यापम द्वारा परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है- परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने



के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग (Frisking) एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके।परीक्षा के समय से 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, समय का विशेष ध्यान रखे। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपडे पहनकर परीक्षा देने आये, फुटवियर में चप्पल पहनें, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है, परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में, परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है 7 परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है, परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट निकलवाएं और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र के अलावा मतदाता परिचय पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस /पेन कार्ड / आधार कार्ड, इसमें से कोई भी एक मूल पहचान पत्र जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आती है, तो अभ्यर्थी को अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी परीक्षा कक्षा में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन का ही उपयोग कर सकते हैं। किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी या अन्य सामग्री लेकर जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा कक्ष में पर्स, पाउच, स्कार्फ बेल्ट, टोपी जैसे अन्य सामान पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

व्यापम द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत उप अभियंता सिविल तथा उप अभियंता विद्युत/यांत्रिकी परीक्षा का आयोजन 20 जुलाई 2025 रविवार को किया जा रहा है । यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 18 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के सुचारु और पारदर्शी आयोजन के लिए अपर कलेक्टर श्री नवीन कुमार ठाकुर को नोडल एवं रोजगार अधिकारी विशेष रोजगार कार्यालय श्री केदारनाथ पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# महिलाओं की आय बढ़ाने जिले में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती की शुरुआत




**रायपुर,** / मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों (दीदियों) ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती की शुरुआत की है।

इस कार्य में CSIR ड्ड केन्द्रीय औषधीय संस्थान और राष्ट्रीय औषधीय पौधा बोर्ड (Medicinal Plant Board) के विशेषज्ञों का तकनीकी सहयोग प्राप्त हो रहा है। योजना के प्रथम चरण में आरंग विकासखंड की तीन ग्राम पंचायत– बनचरोदा, छटेरा और चटोद में कुल 14 एकड़ पंचायत की सामुदायिक और व्यक्तिगत जमीन पर औषधीय पौधों जैसे बच, खस और ब्राह्मी का रोपण किया जा रहा है। इस नवाचारपूर्ण प्रयास के तहत औषधि बोर्ड ने महिला समूहों को निःशुल्क पौधों की आपूर्ति की है। दीदियों द्वारा तैयार कच्चे औषधीय माल को औषधि बोर्ड बाजार में बेचकर उसका मुनाफा सीधे महिला समूहों को देगा। इससे उनकी आय में वृद्धि, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जाएगा। यह योजना केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि एक हरित और स्वास्थ्यवर्धक भविष्य की ओर बढ़ाया गया कदम है।

# विकास की नई इबारत : धमतरी में बदलते ग्रामीण परिदृश्य की कहानी

**विशेष लेख : विकास की नई इबारतः धमतरी में बदलते ग्रामीण परिदृश्य की कहानी**

धमतरी ज़िला आज छत्तीसगढ़ के प्रगतिशील जिलों में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। कृषि, सिंचाई, पशुपालन, तकनीक, बैंकिंग से लेकर ईको-फ्रेंडली खेती तक, जिले में विकास का पहिया तेज़ी से घूम रहा है। यह बदलाव न सिर्फ प्रशासन की योजनाओं का परिणाम है, बल्कि किसानों, पंचायतों और स्थानीय समुदायों की सहभागिता का प्रमाण भी है। विशेष रूप से कलेक्टर श्री अभिनाश मिश्रा की दूरदर्शी सोच और ज़मीनी काम ने जिले में सकारात्मक परिवर्तन को गति दी है।

**भंडारण और मंडियों में सुधारः किसान सशक्तिकरण की दिशा में कदम**

किसानों की सबसे बड़ी ज़रूरत उनकी उपज का सुरक्षित भंडारण और बेहतर विपणन है। इसी सोच के तहत धमतरी की समितियों में नए गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि किसानों को उपज खराब होने के डर से जल्दबाज़ी में बेचने की मजबूरी से राहत मिले। साथ ही, धमतरी, कुरुद और नगरी की मंडियों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे किसानों को साफ-सुथरा वातावरण, उचित तौल, डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और बिचौलियों की भूमिका कम होगी।

**तकनीक से खेतीः कुरुद का एआई और आईओटी प्रयोग** कुरुद क्षेत्र के 20 गांवों में 200 किसानों के खेतों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और इंटरनेट ऑफथिंग्स (IoT) तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। ये तकनीकें मिट्टी की नमी, तापमान, फसल की वृद्धि और कीट नियंत्रण की रियल टाइम जानकारी प्रदान करती हैं। इसके अलावा, 5 पंचायतों में मौसम केंद्र (वेदर स्टेशन) लगाए जा रहे हैं जो किसानों को मौसम के पूर्वानुमान उपलब्ध कराएंगे। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, और इसकी सफलता के बाद इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा। यह भविष्य की स्मार्ट खेती की नींव रख रहा है।







**फसलों में विविधताः नारियल, मखाना और औषधीय खेती**

नगरी क्षेत्र में 4000 नारियल के पौधों का रोपण किया गया है और एक नारियल नर्सरी की स्थापना की जा रही है, जो लंबी अवधि में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर है, बल्कि महानदी के तटीय क्षेत्र में हरित पट्टी के विकास से पारिस्थितिकी तंत्र सुदृढ़ होगा और स्थानीय समुदायों की आजीविका के नए द्वार खुलेंगे। शासन का उद्देश्य आने वाले समय में इस अभियान को और भी व्यापक स्तर पर विस्तार देना है, जिससे महानदी सदैव स्वच्छ, समृद्ध और संजीवनी बनी रहे। वहीं दूसरी ओर, औषधीय पौधों की खेती को 200 एकड़ में बढ़ावा दिया गया है। इस योजना में बाय-बैक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे किसान अपनी उपज की बिक्री को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

तालाबों और डुबान क्षेत्रों में मखाना की खेती को भी प्रोत्साहन मिल रहा है, जिसे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह खासतौर पर मछुआरा समुदाय के लिए नए रोज़गार और आय का स्रोत बन रहा है। **सिंचाई और बैंकिंगः बुनियादी सुविधाओं का विस्तार** जहां-जहां अब तक सिंचाई की सुविधाएं नहीं पहुंची थीं, वहां सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं की शुरुआत की जा रही है। ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसे आधुनिक सिंचाई उपकरण जल की बचत के साथ-साथ अधिक उत्पादन की गारंटी देते हैं।

इसके साथ ही, आमदी क्षेत्र में सहकारी बैंक शाखा खोलने का प्रस्ताव भेजा गया है। यह ग्रामीणों को उनके गांव में ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा, जिससे कृषि ऋण, सब्सिडी और बचत योजनाओं तक उनकी सीधी पहुंच बन सकेगी।

**दुग्ध उत्पादन में दोहरी वृद्धिः सफल मॉडल की मिसाल** धमतरी में दूध संग्रहण की शुरुआत में प्रतिदिन 6000 लीटर दूध एकत्र होता था, जो अब मात्र तीन महीनों में बढ़कर 12000 लीटर प्रतिदिन हो गया है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जबरदस्त सुधार का संकेतक है। इसके अतिरिक्त, 12 नई दुग्ध समितियां खोली जा रही हैं, जिनमें से 6 नगरी क्षेत्र में स्थापित होंगी। इससे पशुपालन से जुड़े परिवारों को स्थायी आय और महिला स्वावलंबन को बढ़ावा मिलेगा।

**कलेक्टर की पहल, जनभागीदारी की ताकत**

इन सभी पहलों के केंद्र में कलेक्टर श्री अभिनाश मिश्रा की पहल, निरीक्षण और निगरानी प्रमुख भूमिका निभा रही है। वे लगातार फील्ड में जाकर योजनाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं और स्थानीय लोगों से संवाद बनाकर काम को व्यवहारिक रूप में लागू करवा रहे हैं। चाहे वह नारियल नर्सरी हो, एआई आधारित खेत हो या मखाना तालाब हर योजना में उनकी सक्रियता दिखाई देती है।

# उन्नत पशु पालन के गुर सीख कर पशु सखियां बनेंगी लखपति दीदी




**बिलासपुर** । इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, सरकण्डा, बिलासपुर में आयोजित 17 दिवसीय आवासीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के 11वें दिन विशेष परिचर्चा कार्यक्रम संदीप अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बिलासपुर की अध्यक्षता एवं डॉ. एन. के. चौरे, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर, डॉ. अरूण त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, बिलासपुर, डॉ. विरेन्द्र पिल्ले, अतिरिक्त उप संचालक, पशु चिकित्सा, बिलासपुर, रामेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला समन्वयक, एनआरएलएम, डॉ. तन्मय, डॉ. रंजना नंदा, डॉ. तापसी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर के वैज्ञानिकगण डॉ. शिल्पा कौशिक, श्रीमती हेमकान्ति बंजारे, डॉ. अमित शुक्ला, डॉ. एकता ताम्रकार, इंजी. पंकज मिंज, डॉ. चंचला रानी पटेल, डॉ. स्वाति शर्मा एवं श्रीमती सुशीला ओहदार एवं प्रशिक्षणार्थी पशु सखियों की सक्रिय सहभागिता में सम्पन्न हुआ।

पशु सखियों से चर्चा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रवाल ने आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, विभिन्न बिमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण, समय-समय पर कृमि नाशक उपचार, गलाघोंटू एवं अन्य सामान्य बिमारियों से बचाव के लिए अपने क्षेत्र में अन्य पशु पालक किसानों एवं महिलाओं को जागरूक करें। उन्होंने पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण दे रहे पशु पालन विभाग के डॉ. रंजना नंदा, डॉ. तन्मय एवं डा. तापसी मंडल से पशु सखियों को सरल भाषा में ज्यादा प्रायोगिक ज्ञान देने का आग्रह किया तथा पशु सखियों को सलाह दी कि अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करें तथा यह भी सुनिश्चित कर लें कि पशुओं में होने वाली किन साधारण बीमारियों का उपचार उनके द्वारा किया जा सकता है एवं गंभीर बिमारियों की दशा में पशु चिकित्सकों से संपर्क में रहें तथा उनसे परामर्श के उपरांत ही उपचार करें। अग्रवाल ने पशु सखियों से पशुधन प्रबंधन का उन्नत ज्ञान प्राप्त कर एवं उत्पादकता बढ़ाकर माननीय प्रधानमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप लखपति दीदी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समन्वयक, डॉ. त्रिपाठी ने पशु सखियों से निःसंकोच अपनी शंकायें एवं समस्याओं का विशेषज्ञ डाक्टरों से पूछकर समाधान करें तथा पशुधन से प्राप्त गोबर, गोमूत्र आदि का कम्पोस्ट, केंचुआ पालन, प्राकृतिक खेती के विभिन्न उत्पाद, जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत आदि बनाकर लाभ अर्जित करें। डा. विरेन्द्र पिल्ले, अतिरिक्त उप संचालक, पशु चिकित्सा, बिलासपुर ने पशु सखियों से अनुरोध किया कि प्रत्येक गांव में पशु चिकित्सक नहीं पहुंच सकते, इस स्थिति में पशु सखी दीदीयां पशु चिकित्सक एवं पशुपालक किसानों के बीच सेतु का काम कर पशुधन संबंधी समस्याओं का समाधान कर रोजगार एवं आय का सृजन करें।

एन.आर.एल.एम. के समन्वयक गुर्जर ने पशु सखियों को पशु चिकित्सा में उपयोग होने वाले किट एवं ड्रेस आदि उपलब्ध कराने को कहा तथा पशु चिकित्सकों से जीवंत संपर्क बनाकर रहने को कहा ताकि हमारे पशु न सिर्फ स्वस्थ रहें बल्कि हमारे लिए आर्थिक रूप से भी उपयोगी बनें। उक्त परिचर्चा में पशु सखियों ने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित पशु उपचार तथा देखभाल में उपयोग होने वाली व्यवहारिक जानकारी के बारे में अवगत कराया। उक्त परिचर्चा का प्रभावी संचालन डा. शिल्पा कौशिक तथा आभार प्रदर्शन डा. अमित शुक्ला ने किया।

## खास खबर

### परियोजना समन्वयक पद पर संविदा भर्ती के लिए पात्र अपात्र सूची जारी

कोरबा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरबा के द्वारा परियोजना समन्वयक पद पर संविदा भर्ती हेतु अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य/ समाजशास्त्र/बाल विकास/ मानव अधिकार/ लोक प्रशासन/मनोविज्ञान/ विधि/ जनस्वास्थ्य/ सामुदायिक संसाधन/ प्रबंधन के विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा उपरोक्त विषयों में स्नातक अंकित होने से द्विभाषी हो जाने से समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार स्नातक को मान्य करते हुए अंक प्रदाय किया गया था।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में समिति द्वारा पुनः निर्णय लिया जाकर प्राप्त आवेदन में से शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्नातकोत्तर योग्यताधारी को स्नातकोत्तर तथा स्नातक योग्यताधारी को स्नातक का अंक प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया जाकर पात्र अपात्र की सूची तैयार की गई है, शीघ्र ही दावा आपत्ति का निराकरण करते हुए कौशल एवं लिखित परीक्षा आयोजित कर नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

### (कोरबा) हेलीपैड के पीछे बने नशाखोरी के अड्डे को हटाया, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

कोरबा एसईसीएल हेलीपैड के पीछे खाली पड़ी जगह नशाखोरों का खास अड्डा बना हुआ है। यहां कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से एक झोपड़ी बनाकर उसमें नाबालिक बच्चों सहित अन्य लोगों को नशे की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही थी, इसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा मानिकपुर चैकी में की गई। जिस पर संज्ञान लेते हुए मानिकपुर पुलिस एवं नगर निगम के अतिक्रमण दल के द्वारा उक्त स्थल पर पहुंचकर उस झोपड़ी को हटाया गया।

मौके से प्राप्त आपत्तिजनक सामग्रियों को जप्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मानिकपुर चैकी से सूचना प्राप्त हुई थी कि यहां कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किया गया है एवं उस पर अवैध कारोबार किया जा रहा है। जिस पर मानिकपुर पुलिस के सहयोग से कार्यवाही करते हुए झोपड़ी को हटाया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर नशे पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है, एसईसीएल हेलीपैड के पास नशाखोरी की शिकायत मिल रही थी जिस पर नगर निगम के साथ मिलकर यह कार्यवाही की गई है।

### सियान चेतना एवम वृक्षा रोपणका किया गया आयोजन

बिलासपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर रजनेश सिंह (भा.पु.से) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा, एसडीओपी कोटा श्रीमती नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तखतपुर निरीक्षक अनिल कुमार अग्रवाल एवं समस्त थाना स्टाफ द्वारा ''सामुदायिक पुलिसिंग'' अन्तर्गत चेतना अभियान' में सियान चेतना, कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17.07.2025 को किया गया।

# बिलासपुर : सक्रिय बदमाशों पर पुलिस का प्रहार, चलाया गया अभियान



**बिलासपुर,**। पुलिस द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी में मंगलवार देर रात एक विशेष रेड अभियान चलाया गया, जिसमें पूर्व में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त और वर्तमान में सक्रिय बदमाशों को चिन्हित कर उनके ठिकानों पर अचानक दबिश दी गई।10 से अधिक बदमाश के घर दबिश दी गई ।कुछ बदमाश प्रवृत्ति के युवक पुलिस की दबिश की सूचना मिलते ही मौके से भाग निकले। उनकी पहचान की जा चुकी है और उन्हें शीघ्र ही उन्हें पकड़ कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

विशेष रूप से गणेश नगर, चुचुहियापारा और नयापारा क्षेत्र को केंद्रित कर यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश देकर बदमाशों को उनके घरों से हिरासत में लिया।

इस दौरान कुल 10 बदमाशों को पकड़ा गया, जिनमें से कुछ के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट लंबित थे, वहीं कुछ संदिग्ध अवस्था में रात के समय घूमते पाए गए। इसके अलावा एक युवक के विरुद्ध 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई, जबकि दो युवकों से घातक हथियार जब्त किए गए और उनके विरुद्ध Arms Act के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा यह अभियान पूर्ववर्ती आपराधिक इतिहास और वर्तमान गतिविधियों के विश्लेषण के आधार पर चलाया गया था। चिन्हित बदमाशों के खिलाफ निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

कार्यवाही किए गए युवकों के नाम इस प्रकार हैंः रोशन मांडवी पिता अनिल मांडवी, उम्र 22 वर्ष, महिमा नगर तिरुपति निगरानी बदमाश, जावेद खान पिता शहजाद खान, उम्र 24 वर्ष, पटाया रघुनंदन नगर तिफरा गिरफ्तारी वारंट, रोशन मांडवी पिता अनिल मांडवी, उम्र 24 वर्ष, आदर्श नगर पानी टंकी के पास गिरफ्तारी वारंट, पनदीप पिता राजू दीप, उम्र 23 वर्ष, प्रधान मोहल्ला शिव मंदिर के पास गिरफ्तारी वारंट, जवाहर बोर्ड, शिव विहार कला रोड अवैध शराब बेचना, अभिषेक कश्यप पिता पन्नालाल कश्यप, उम्र 24 वर्ष, तिफरा बाजार चौक गिरफ्तारी वारंट, मनीष कांति पिता भारत कांति, उम्र 21 वर्ष, गणेश नगर नयापारा ,हृद्वह्य,ष्ह्ल, अभिषेक कुर्रे पिता स्व. सुशील कुर्रे, उम्र 21 वर्ष, गणेश नगर नयापारा ,हृद्वह्य,ष्ह्ल, अजीत कुशवाहा पिता जगन्नाथ कुशवाहा, उम्र 25 वर्ष, मन्नू खमरिया, थाना सीहोर, जिला जबलपुर रात में संदिग्ध अवस्था में घूमना, निखिल कुशवाह पिता बलराम कुशवाहा, उम्र 18 वर्ष, दसारमन, थाना सनोई, जिला कटनी रात में संदिग्ध अवस्था में घूमना यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के निर्देश पर की गई, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## शिव मंदिर के पास मिला गोवंश का कटा सिर और मांस, आक्रोशित लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी



कोरबा। शहर के आरा मशीन मोहल्ले में मंगलवार को तनाव का माहौल बन गया, जब एक शिव मंदिर के पास गोवंश का कटा हुआ सिर और मांस के टुकड़े पड़े मिले। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और गहरी नाराजगी व्यक्त की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरा मशीन और विद्युत मंडल कॉलोनी के बीच स्थित शिव मंदिर के समीप गोवंश के अवशेष देखे गए। यह नजारा देख वहां मौजूद लोग भड़क उठे। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर यह आपत्तिजनक कृत्य किया है।

घटना से आहत लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि ऐसे गौहत्यारे की जल्द पहचान कर उसे गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। मौके पर पुलिस बल भी पहुंचा और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की।

पुलिस ने अवशेषों को मौके से हटाकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इस मामले में सघन जांच की जाएगी और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आउट सोर्सिंग कंपनी कलिंगा एक बार फिर सुर्खियों में, बिना सूचना व नोटिस काम बंद किए जाने व वेतन भुगतान को लेकर कर्मियों ने की शिकायत

कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को कोरबा कलेक्टर ने दिया नोटिस, ननकीराम कंवर से जुड़ा है मामला

कोरबा 16 जुलाई (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को कोरबा कलेक्टर ने पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर से जुड़ी एक पोस्ट डिलीट करने के लिए सख्त लहजे में नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत की ओर से जारी नोटिस में दुर्भावनापूर्ण तरीके से फोटोग्राफ्स को प्रसारित करने के लिए कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जयसिंह ने इस पोस्ट में कलेक्टर का उल्लेख करते हुए कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर खड़े हैं जबकि कलेक्टर बैठे हुए हैं। बहरहाल, जयसिंह अग्रवाल जैसे कई बार के विधायक और मंत्री रह चुके कांग्रेसी नेता को कलेक्टर का नोटिस मिलने से राजनैतिक गलियारे में खलबली मच गई है। जानकारों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में बस्तर को छोड़कर (चूंकि वहां युद्ध जैसे हालात हैं) शेष कहीं भी किसी नेता को कलेक्टर की ओर से ऐसी नोटिस नहीं दी गई है।

कलेक्टर का जयसिंह अग्रवाल को भेजा गया यह नोटिस कोरबा मीडिया में वायरल है। इस नोटिस में जयसिंह अग्रवाल की ओर से उनके फेसबुक पर 14 जुलाई को पोस्ट की गई एक तस्वीर का जिक्र किया गया है। इस तस्वीर का संबंध पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर से है। फेसबुक की यह पोस्ट है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। कलेक्टर की ओर से जयसिंह अग्रवाल को

# सूरज बाई के लिए महतारी वंदन योजना की राशि बनी वरदान



कोरबा, विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत ग्राम धनरास की वृद्धा सूरज को पहले अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार उन्हें जरूरी काम के लिए किसी से उधार भी लेना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में 01 हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो सूरजबाई को किसी के आगे रूपए के लिए दर-दर की ठोकरे खाने या किसी से फरियाद जैसी नौबत नहीं आती है। सूरज बाई ने बताया कि उम्र के साथ ही उन्हें कुछ भी काम करने में परेशानी है वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। उन्होंने बताया कि वह हर माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण करती है। इस राशि का उपयोग अपने उपचार और बीमारी के दौरान दवा, फल और सब्जी खरीदने सहित अन्य कार्यों में करती है।

सूरज बाई ने बताया कि उनके बेटे भी है जो शहर में रहकर कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद हम जैसी वृद्ध महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में 01 हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे छोटी-मोटी जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बहुत लाभ पहुंचने की बात कही और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

# हर एक किसान तक बीमा योजना का लाभ पहुंचाया जाए-कलेक्टर



**बिलासपुर** । कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस साल 31 जुलाई तक खरीफ फसलों के लिए बीमा कराने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। अब इसके लिए केवल 12 दिन शेष रह गए हैं। हर एक किसान तक बीमा योजना का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने इसके लिए सोसायटी स्तर एवं गांव-गांव तक शिविर लगाकर किसानों को बीमा कराने के लिए समझाइश देने के निर्देश दिए। कृषि विभाग एवं जिला सहकारी बैंक मिलकर इसे किसान हितैषी कार्य को अभियान स्वरूप में चलाएंगे। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मौसम एवं कीट प्रकोप की अनिश्चितता के मद्देनजर किसानों को आर्थिक हानि से बचाने के लिए फसल बीमा करा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छोटे से छोटे किसान बीमा करा पाये, इसलिए प्रीमियम की दर अत्यंत कम रखी गई है। धान की फसल के लिए प्रति एकड़ लगभग साढ़े 3 सौ रूपए की प्रीमियम दर निर्धारित की गई है। पिछले खरीफ मौसम में जिले के 10 हजार से ज्यादा किसानों को लगभग सवा 3 करोड़ का बीमा मुआवजा मिला था। कलेक्टर ने पिछले साल कुछ सोसायटियों एक भी किसान द्वारा बीमा नहीं कराये जाने और बीमा प्रस्ताव वापस लिए जाने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कृषि विभाग,सहकारी बैंकों को ऐसे गांवों में विशेष शिविर लगाकर किसानों को इस साल के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। धान फसल की बीमा के लिए एचडीएफसी अर्गो जनरल इन्श्यूरेंस कम्पनी को जिले के लिए अधिकृत किया गया है।

उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर ने बताया कि ऋणी किसानों को बीमा अपने आप बैंक द्वारा किया जायेगा। मुख्य जोर अऋणी किसानों के लिए लगाना है। जिले में खरीफके लिए धान सिंचित, धान असिंचित, उड़द मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर, रागी एवं सोयाबीन की फसलें अधिसूचित की गई हैं। बीमा का कार्य किसी बैंक के अलावा किसी भी सीएससी से कराया जा सकता है। इसके लिए संबंधित किसान को अपना नवीनतम आधार कार्ड, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र बी वन एवं पी टू, बैंक पास बुक की छाया प्रति, फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा स्व घोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नम्बर, बटाईदार/काश्तकार एवं साझेदार किसानों के लिए घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## वन भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया : डिंगापुर में जेसीबी से तोड़ी पक्की दीवार, कब्जाधारी का नहीं चल सका पता

कोरबा

कोरबा में वन विभाग ने डिंगापुर क्षेत्र में वन भूमि से अवैध कब्जा हटाया है। इस भूमि पर कुछ लोगों ने पक्की बाउंड्री वॉल का निर्माण किया था। वन विभाग को शिकायत मिली थी कि, उनकी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। डिप्टी रेंजर अजय सिदार के नेतृत्व में टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि भूमि पर पक्की दीवार बनाई गई थी। कुछ हिस्सों में और निर्माण के लिए रॉड भी लगाए गए थे।

### कब्जाधारी का पता नहीं चला

वन विभाग ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को तोड़ दिया। कब्जा करने वाले व्यक्ति का अभी तक पता नहीं चल पाया है, क्योंकि वह मौके पर मौजूद नहीं था। यदि कब्जा करने वाला मिलता, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती। जिस जमीन पर कब्जा किया गया था, वहां वन विभाग ने 'एक पेड़ मां' योजना के तहत कई एकड़ में वृक्षारोपण किया है। विभाग अब इस भूमि को सुरक्षित करने की योजना बना रहा है। यह पहला मामला नहीं है। वन विभाग की कई अन्य जमीनों पर भी अवैध कब्जे की शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच जारी है।

## श्रीरामलला दर्शन योजना : जिले के 986 रामभक्तों ने अयोध्या में किए भगवान श्रीराम के दर्शन

**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की भगवान श्री राम के प्रति आस्था जगजाहिर है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रारंभ की गई श्री रामलला दर्शन योजना न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों को अयोध्या में स्थित श्री रामलला के दर्शन का सुअवसर प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है, यहां के लोग उन्हें भांचा राम के नाम से भी जानते हैं। भगवान श्री राम के प्रति आस्था प्रदेश के कण कण पर व्याप्त है। अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन के बाद लोग अपने आप को धन्य महसूस करते हैं।

जशपुर जिले में योजना प्रारंभ से अब तक 986 रामभक्तों ने अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन किए हैं। दर्शन के बाद रामभक्तों के चेहरे पर झलकती संतुष्टि और आत्मिक खुशी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के प्रति कृतज्ञता का भाव उनमें साफ झलकता है। श्री रामलला दर्शन योजना प्रदेश की नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और श्री राम के आदर्शों को सामाजिक चेतना में पुनः स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन रही है। ट्रेन रवाना करते समय बजते भजन, भगवान श्री राम की जयकारे की गूंज, यात्रियों के चेहरे से झलकती खुशी आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का वातावरण रचते हैं।

## ईडी की कार्रवाई पर पीसीसी चीफदीपक बैज का विरोध, बताया राजनीतिक षड्यंत्र



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर निवास पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को साजिश करार देते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री को बदनाम करने की सुनियोजित कोशिश है।

दीपक बैज ने लिखा, आज फिर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की टीम भेज दी गई है। अब तक की तमाम जांचों में न ईडी, न सीबीआई और न ही ईओडब्ल्यू को कोई ठोस सबूत मिला है, लेकिन दबाव बनाने की कोशिशें लगातार जारी हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी बजट सत्र के दौरान ईडी ने भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर दबिश दी थी। वह छापेमारी करीब 11 घंटे तक चली थी। खुद भूपेश बघेल ने जानकारी दी थी कि उस दौरान उनके घर से 32 से 33 लाख रुपए नकद और कुछ दस्तावेज जब्त किए गए थे। उस समय चैतन्य बघेल के निवास सहित प्रदेशभर में कुल 14 स्थानों पर ईडी की टीमों ने एक साथ छापेमारी की थी।

## महारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए : सीएम



**रायपुर।** महारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए ङ्क मुख्यमंत्री श्री सायमहारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए ङ्क मुख्यमंत्री श्री सायमहारानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए ङ्क मुख्यमंत्री श्री साय पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन समाज कल्याण हेतु समर्पित रहा। वह इंदौर की न केवल महारानी थीं, बल्कि न्यायप्रिय, धार्मिक एवं निष्पक्ष प्रशासक भी थीं। उन्होंने देशभर में धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा आयोजित पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर आधारित नाट्य मंचन समारोह में कही।श्री साय ने आगे कहा कि हम सभी लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मना रहे हैं। इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश एवं प्रदेश में उनकी स्मृति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

सुशासन, सनातन और संस्कृति के लिए समर्पित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर आधारित यह नाट्य प्रस्तुति लोगों तक उनके महान कृतित्व को पहुंचाने में सहायक होगी। राजमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे गौरवशाली इतिहास की महान प्रेरणापुंज हैं। उनके जीवन चरित्र से वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को साकार किया। तीन दशकों तक उन्होंने होलकर राजवंश का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था प्रदान की। दक्षिण में कांची, उत्तर में बद्रीनाथ, पूर्व में पुरी और पश्चिम में द्वारका तक, हर स्थान पर उनके पुण्य कार्यों की छाप मिलती है। वे इंदौर की महारानी थीं, परंतु उन्होंने अपने को किसी भौगोलिक सीमा में नहीं बाँधा। देश के विभिन्न हिस्सों में उन्होंने मंदिरों का निर्माण, धर्मशालाओं की स्थापना की और धर्म की पताका सदैव लहराई।

वह सनातन की ध्वजवाहिका रहीं। जब महारानी अहिल्याबाई का नाम आता है तो हाथों में शिवलिंग लिए हुए उनकी तस्वीर सजीव हो उठती है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना के प्रतीक काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। जब औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट किया, तब यह घटना हिंदू समाज के लिए अत्यंत आघातकारी थी। उस समय माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज से कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हमारा सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। पेशवा माधवराव ने भी अपनी वसीयत में लिखा था कि उनकी इच्छा है कि काशी विश्वनाथ मंदिर फिर से बने। यह यशस्वी कार्य राजमाता अहिल्याबाई होलकर के कर-कमलों से संपन्न हुआ।

# छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश, आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगत

### छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश, आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगत

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने की मुलाकात

### छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के लिए होगा कार्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश, आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगतछत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं अब आकाश को छूएंगी। राज्य के खिलाड़ी प्रारंभिक स्तर से ही आधुनिक तकनीकों के माध्यम से दक्ष बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा है, विशेषकर आदिवासी अंचलों के युवाओं में अत्यधिक संभावनाएं हैं। इस परिप्रेक्ष्य में श्री बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने में ये प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

चर्चा के दौरान श्री बिंद्रा ने बताया कि वे अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए विविध कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि फाउंडेशन द्वारा खेलहित में संचालित ये कार्यक्रम निःशुल्क होते हैं, जिससे खिलाड़ियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भी फाउंडेशन के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम प्रारंभ किए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की।

श्री बिंद्रा ने जानकारी दी कि ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों में ओलंपिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। उन्हें उत्कृष्टता, सम्मान और मैत्री जैसे मूल्यों को अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा, जिससे प्रारंभिक अवस्था से ही खेल प्रतिभाओं का संवर्धन संभव हो सकेगा।मुख्यमंत्री श्री साय को श्री बिंद्रा ने अवगत कराया कि स्पोर्ट्स इंजरी खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ियों को निःशुल्क सर्जरी, पुनर्वास एवं उपचार उपरांत देखभाल की संपूर्ण सुविधा प्रदान की जाएगी, ताकि वे स्वस्थ होकर पुनः खेल क्षेत्र में सक्रीय हो सकें। इस हेतु फाउंडेशन के साथ देश के 30 उत्कृष्ट चिकित्सकों का नेटवर्क कार्यरत है, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को मिलेगा।मुख्यमंत्री को श्री बिंद्रा ने बताया कि वर्तमान खेल परिदृश्य पूर्णतः विज्ञान-आधारित हो गया है। अतः वे छत्तीसगढ़ में स्पोर्ट्स साइंस कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं, जिससे आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा सके। नवीनतम तकनीकों की सहायता से प्रतिभाओं की पहचान वैज्ञानिक तरीके से की जा सकेगी तथा टेक्नोलॉजी के माध्यम से उनके कौशल को समुचित रूप से विकसित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को आवश्यक सभी सुविधाएं प्रदान कर रही है। विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा समुदाय के युवाओं में तीरंदाजी का प्राकृतिक कौशल है। इस प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु रायपुर एवं जशपुर में एनटीपीसी के सहयोग से 60 करोड़ रुपये की लागत से आर्चरी अकादमी की स्थापना की जा रही है।

## 11 असामाजिक तत्वों के खिलाफ की गई कार्यवाही

**दुर्ग।** जिले की थाना छावनी तथा खुर्सीपार पुलिस ने 11 असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

बता दें कि अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने के क्रम में थाना छावनी पुलिस द्वारा दिनांक 17.07.2025 को 07 असामाजिक तत्वों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत असामाजिक कृत्य करते पाए जाने पर इनके ऊपर नियंत्रण रखने हेतु धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं थाना खुर्सीपार पुलिस व्दारा 04 आरोपियों के पास अवैध रूप से धारदार चाकू रखे होने पर 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए असामाजिक तत्वों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

मामले में पुलिस ने महेंद्र बैरागी पिता जगदीश बैरागी उम्र 20 वर्ष साकिन बैरागी मोहल्ला पावर हाउस,पीयूष नंदी पिता स्वर्गीय सुब्रतो नदी उम्र 24 वर्ष साकिन शारदापारा कैम्प 02 कबीर कुटी थाना छावनी, चंद्रशेखर बिसाई पिता सिमाद्री बिसाई उम्र 28 वर्ष साकिन बैरागी मोहल्ला पावर हाउस,शेख रशीद पिता शेख सगीर उम्र 25 वर्ष साकिन शारदापारा कैंप 02 भैरव बस्ती भिलाई थाना छावनी, योगेश भारती पिता फेरहा दास भारती उम्र 25 वर्ष साकिन मेहमान कोल्ड डिपो शास्त्री नगर कैंप 01 थाना छावनी, थानु यादव पिता बल्लू यादव उम्र 22 वर्ष सेकंड कैंप 01 शास्त्री नगर कब्रिस्तान के पास थाना छावनी, योगेश सिन्हा पिता उर्फ ओगदु पिता भूषण सिंह उम्र 24 वर्ष साकिन बैरागी मोहल्ला पावर हाउस थाना छावनी के खिलाफ कार्यवाही की है।

## आंगनबाड़ियों में दिख रहा बदलाव, बच्चों को मिल रहा खेल-खेल में ज्ञान, संस्कार और पोषण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की आंगनबाड़ियाँ अब बच्चों के पोषण के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य के नए केंद्र बन रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि ÷राज्य सरकार का लक्ष्य आंगनबाड़ियों को नवाचारयुक्त बाल विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है, जहां बचपन संवरता है और भविष्य मजबूत होता है।÷

राज्य के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र अब पारंपरिक स्वरूप से निकलकर प्री-स्कूल प्ले लर्निंग स्पेस के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। यहां बच्चों को कहानियों, चित्रों, लोकगीतों और गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, भाषा विकास और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। बेमेतरा जिले का बोइरकछरा आंगनबाड़ी केंद्र राज्य में एक उत्कृष्ट मॉडल बनकर उभरा है। यहां बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास सुनियोजित तरीके से हो रहा है। दीवारों पर शैक्षणिक चित्रों और बालगीतों की प्रस्तुति, ÷मोर जन्म दिन÷ कैलेंडर और बच्चों के लिए तैयार किए गए ÷कैरी बैग÷ जैसे नवाचार बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिकता का संचार कर रहे हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता, आत्मरक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए जा रहे हैं। वहीं गर्भवती महिलाओं को स्तनपान, नवजात देखभाल और संतुलित आहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जा रही हैं। पूरक पोषण आहार योजना के तहत बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक भोजन जैसे हरे साग, मुनगा भाजी पाउडर, फल, रोटी-सब्जी और दाल-भात प्रदान किया जा रहा है। बेमेतरा की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि बोइरकछरा केंद्र में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और महिला सक्षम कोष सहित सभी प्रमुख योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस सफलता के पीछे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्यारी ध्रुव और सहायिका की अहम भूमिका रही है, जिनकी निष्ठा और रचनात्मक सोच इस केंद्र को प्रेरणास्त्रोत बनाती है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि ÷राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तरह शिक्षा, पोषण और संस्कार के समेकित केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि हर बच्चा सशक्त, शिक्षित और स्वस्थ बन सके।÷ छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से आंगनबाड़ी केंद्र अब बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बन रहे हैं कृ जहां पोषण के साथ संस्कार और ज्ञान का भी समुचित समावेश हो रहा है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 24,550 समूहों को 147 करोड़ की राशि वितरित

### सामुदायिक निवेश कोष में कोरिया और राजनांदगांव जिला ने महिला समूहों को प्रदान किया शत-प्रतिशत राशि

**रायपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के माध्यम से राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को छोटे-छोटे व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने हर सभंव प्रयास किया जा रहा है।बिहान के अंतर्गत सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) में इस वित्तीय वर्ष में अब तक राज्य के 24 हजार 550 महिला स्व-सहायता समूहों को 147 करोड़ 30 लाख रूपए किए गए है। इसमें से कोरिया और राजनांदगांव जिला द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन जिलों में लक्षित शत-प्रतिशत समूह को राशि प्रदान कर दी गई है।

गौरतलब है कि सामुदायिक निवेश कोष के तहत इस वित्तीय वर्ष में 42 हजार 275 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 253 करोड़ 65 लाख रूपए की सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह लक्ष्य के करीब 58 प्रतिशत की प्राप्ति की जा चुकी है। राज्य में सात जिले ऐसे है जिन्होंने मात्र चार माह की अवधि में 70 प्रतिशत से अधिक की उपलब्धि हासिल कर महिलाओं को लाभान्वित किया है।

इसमें से कोरिया जिले की शत-प्रतिशत लक्षित 425 महिला स्व-सहायता समूहों को 60 हजार रूपए प्रति समूह की दर से कुल 2.55 करोड़ तथा राजनांदगांव जिले की भी शत-प्रतिशत लक्षित 628 स्व-सहायता समूहों को 3 करोड़ 76 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है।

इसी प्रकार दंतेवाड़ा जिला में 400 स्व-सहायता समूहों को 2 करोड़ 40 लाख वितरित कर 93 प्रतिशत, सरगुजा में 300 समूहों को 1 करोड़ 80 लाख वितरित कर 90 प्रतिशत, बलौदाबाजार में 2020 समूहों को 12 करोड़ 12 लाख रूपए वितरित कर 86 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में 800 समूहों को 4 करोड़ 80 लाख रूपए वितरित कर 77 प्रतिशत और गरियाबंद जिला में 900 स्व सहायता समूहों को 5 करोड़ 40 लाख रूपए वितरित कर 70 प्रतिशत का वितरण किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि अधिकतर महिला समूह कृषि कार्यों से जुड़े हैं और जून-जुलाई के दौरान उन्हें बीज, खाद, मजदूरी के लिए धन की आवश्यकता होती है। इस राशि के मिलने से उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिली है।

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से गुणवत्ता सुधार करने रोडमैप मांगा कुलपतियों के साथ विचार-विमश

### राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से गुणवत्ता सुधार करने रोडमैप मांगा कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श



**रायपुर।** राज्यपाल और विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री रमेन डेका ने शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कुलपतियों से दो माह के भीतर रोडमैप मांगा है। उन्होंने आज राजभवन में कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श कर छात्रों के हित के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ.एस. भारती दासन विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देशित किया है कि जिस कोर्स में छात्र और शिक्षक नहीं है, उन्हें बंद किया जाएं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा कि वे मैनेजमेंट के साथ बैठक कर गुणवत्ता सुधार की कार्ययोजना बनाकर सितम्बर माह में उपलब्ध कराएं। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों एवं नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के लिए पोर्टल बनाया जाएगा जिसमें एडमिशन से लेकर हर गतिविधियों को विश्वविद्यालय अपलोड करेंगे। उन्होंने कहा कि जो विश्वविद्यालय नेक ग्रेडिंग के लिए पात्र हो चुके है वे अनिवार्य रूप से ग्रेडिंग की प्रक्रिया में शामिल हों। श्री डेका ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विद्यार्थी को भी जागरूक किया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।

## माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव 20 जुलाई को, दो पैनलों में कड़ी टक्कर

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ के प्रतिष्ठित माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट का चुनाव 20 जुलाई को होने जा रहा है। इस चुनाव में दो मुख्य पैनल आमने-सामने हैं। कुल 15 पदों के लिए मुकाबला होगा, जिसमें संरक्षक श्रेणी के 7, आजीवन सदस्य श्रेणी के 5 और साधारण श्रेणी के 3 पद शामिल हैं। हालांकि साधारण श्रेणी में इस बार तीन निर्दलीय उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला और अधिक दिलचस्प हो गया है। ये प्रत्याशी दोनों पैनलों के वोट बैंक को प्रभावित कर सकते हैं। डोंगरगढ़ में चुनावी माहौल जोरों पर है। शहर की गलियों में समर्थक जनसंपर्क कर रहे हैं और चुनावी चर्चा हर ओर हो रही है। यह चुनाव शहर के सबसे हाई प्रोफाइल आयोजनों में से एक माना जाता है, जिसमें सिर्फ प्रचार नहीं बल्कि रणनीति और प्रतिष्ठा भी दांव पर होती है। हर बार की तरह इस बार भी दोनों पैनलों ने अपने-अपने चुनावी कार्यालय स्थापित किए हैं। सेवा दल ने मारवाड़ी धर्मशाला में और भैया जी पैनल ने अग्रसेन भवन में अपना डेरा जमाया है।

## खड़े ट्रक से टकराया दूसरा ट्रक, चालक की मौत, कंडक्टर घायल

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले के चिचोला क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाइवे पर एक ट्रक चालक ने अपना वाहन बिना किसी चेतावनी संकेत या लाइट के सड़क के बीच में खड़ा कर रखा था। इसी दौरान रायपुर से लोहा लेकर नागपुर जा रहा एक दूसरा ट्रक पीछे से तेज रफ्तार में आकर खड़े ट्रक से टकरा गया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूसरा ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक राजा राम पटेल स्टेयरिंग में फंस गया।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)